mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

अख़बार भी, आन्दोलन भी

www.rashtriyamukhyadhara.com

बोकारो, शुक्रवार
26.4.2024
पृष्ठ: 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 83



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

## 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान आज

### राहुल गांधी, हेमा मालिनी और ओम बिरला समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

राष्ट्रीय मख्यधारा। नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसे लेकर हाई-वोल्टेज प्रचार अभियान बुधवार शाम को थम गया। दूसरे फेज में जिन सीटों पर वोटिंग होनी है, वहां से कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इसमें केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर (तिरुवनंतपुरम), भाजपा नेता तेजस्वी सूर्या (कर्नाटक), मथुरासे हेमा मालिनी, मेरठ से अरुण गोविल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी (वायनाड), तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश (कांग्रेस) और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (जेडीएस) शामिल हैं। 26 अप्रैल को केरल की सभी 20 सीटों पर, कर्नाटक की 28 में से 14 सीटों पर, राजस्थान की 13 सीटों पर, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की 8-8 सीटों पर, मध्य प्रदेश की 7 सीटों पर, असम और बिहार की 5-5 सीटों पर, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की 3-3 सीटों पर, जबकि मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीट पर मतदान होगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले फेज के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इसमें करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। जनता दूसरे चरण में 2 कैबिनेट और 4 राज्यमंत्रियों की किस्मत का फैसला करेगी। इस चरण में 29 सीटें ऐसी हैं, जहां बीजेपी ने कभी जीत हासिल नहीं की है। इनमें सबसे ज्यादा केरल की 20 सीटें हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें तो दूसरे चरण में आठ सीटों पर वोटिंग है, जिनमें से 7 सीट पिछली बार 2019 में बीजेपी के ही पास थी। बता दें कि चुनाव आयोग ने पहले जो पहले शेड्यूल जारी किया था, उसके मुताबिक दूसरे चरण में कुल 89 सीटों पर मतदान होना था, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा कैंडिडेट के निधन के बाद यहां का चुनाव तीसरे फेज शिफ्ट कर दिया गया था। इसके चलते अब दूसरे चरण में कुल 88 सीटों पर मतदान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को बड़ी मुस्लिम आबादी वाले निर्वाचन क्षेत्र अलीगढ़ में एक चुनावी रैली में कांग्रेस पर सत्ता में आने पर लोगों की संपत्ति को बांटने की योजना बनाने का आरोप लगाया।

वहीं अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी खास समुदाय का नाम लेकर उसके बारे में गलत बातें बोलना दुनियाभर में फैले उस समुदाय का अपमान है। जबकि बुलंदशहर में एक चुनावी रैली में मायावती ने बीजेपी पर निशाना साधा। साथ ही कहा कि यूपी में बसपा सरकार ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र का विकास किया था, लेकिन इसका श्रेय बीजेपी ले रही है।



## दूल्हा और दुल्हन को बिना लाइन में लगे मिलेगी मतदान की सुविधा

**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने प्रथम चरण में कम मतदान होने के कारण समीक्षा बैठक की। उसके बाद सभी राज्यों के चुनाव आयुक्त को निर्देश दिए गए हैं। शादी ब्याह का मौसम होने के कारण दूल्हा दुल्हन को बिना लाइन में लगे तत्काल मतदान की सुविधा दी जाये। शादी के इस मौसम में दूल्हा दुल्हन भी मतदान कर पाएं। मतदान अधिक से अधिक हो इसके लिए मतदान केंद्र में छाया और पेयजल इत्यादि की व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया है। मतदान बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश में तरह-तरह की प्रयास शुरू किए गए हैं। गांव गांव में 65000 बूथ अवेयरनेस समूह तैयार किए गए हैं। इसमें आशा, उषा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर पीले चावल बांट कर मतदान की अपील कर रहे हैं। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है। चुनाव आयोग ने अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए प्रयास करने के आदेश दिए हैं।

## पटना में रेलवे स्टेशन के पास होटल में लगी आग, छह लोग जिंदा जले

### कई इमारतों में फैली आग, बुझाने के प्रयास जारी, पुलिस बल मौके पर मौजूद



राष्ट्रीय मख्यधारा। पटना

पटना में रेल्वे स्टेशन के पास स्थित एक होटल में भीषण आग लग गई। आग से छह लोगों के जिंदा जलने की खबर है और कई लोग फंस हुए हैं। आग ने अपना विकराल रुप धारण कर आसपास की बिल्डिंगों को भी अपनी जद में ले लिया। आग की सूचना पर कई फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची हुई हैं और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन रोड के पास स्थित पाल होटल में अचानक आग गई। होटल में लगी आग का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें दिखाई दे रहा है कि आग की लपटें ऊंची-ऊंची उठ रही हैं। आग की वजह से आस-पास धुआं उठा रहा है जो दूर से ही दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि आग लगने की ये घटना रेलवे स्टेशन से 50 मीटर की दूरी पर हुई है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि फायर डिपार्टमेंट के कर्मचारी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं. इसके अलावा मौके पर भारी संख्या में पुलिसबल मौजूद है। बताया जा रहा है कि अब तक आग से छह लोगों की मौत हो चुकी है। आग की स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस भी घटनास्थल पर मौजूद है ताकि होटल में फंसे लोगों का रेस्क्यू कर सीधे अस्पताल पहुंचाया जा सके। होटल में कितने लोग फंसे हैं इसकी अभी जानकारी नहीं मिल सकी है। फायर टीम आग बुझाने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर के फटने से यह आग लगी है। जांच के बाद ही आग लगने के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## ख़ास ख़बर

### जैसलमेर के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त, कोई जनहानि नहीं



**जैसलमेर**। राजस्थान के जैसलमेर जिले में गुरुवार सुबह करीब 10:20 बजे एक मानव रहित विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान हादसा जैसलमेर से दूर पिथला गांव के पास हुआ। हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। भारतीय वायु सेना ने पोस्ट कर बताया कि सेना का एक दूर से संचालित विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान गुरुवार को जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए एक कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। सेना अधिकारियों ने बताया कि वायु सेना का एक टोही या निगरानी विमान जैसलमेर के सिपला ग्राम पंचायत के बहल की ढाणी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान सुनसान इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलने पर वायुसेना के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। क्रैश होने से विमान जलकर राख हो गया। इसका मलबा दूर-दूर तक फैला है। मलबे को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट रही है। विमान में कोई पायलट नहीं था। इस कारण जासूसी विमान माना जा रहा है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। वायुसेना अधिकारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। माना जा रहा है कि किसी तकनीकी खामियों की वजह से ये विमान क्रैश हुआ है।

### सीएम योगी को बकरे की तरह काटने की धमकी, मामला हुआ दर्ज


**प्रयागराज**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले युवक के खिलाफ प्रयागराज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। वायरल वीडियो के आधार पर प्रयागराज के गंगानगर जोन के नवाबगंज थाने में आरोपी शमीम उर्फ बबलू के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। सोशल एक्टिविस्ट सर्वेश कुमार ने केस दर्ज कराया है। वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले आईपीसी की धारा 506 और आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इसकी जानकारी देते हुए डीसीपी गंगानगर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि इस प्रकरण में थाना नवाबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा चुका है और अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है। दरअसल, आरोपी शमीम उर्फ बबलू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था।

### सिलेंडर विस्फोट में एक महिला समेत पांच लोग बुरी तरह झुलसे

**गिरिडीह**। गिरिडीह शहरी क्षेत्र में सिलेंडर विस्फोट की वजह से बड़ा हादसा हुआ है। खबर है कि इस सिलेंडर विस्फोट में एक महिला समेत पांच लोग बुरी तरह से झुलस गये हैं। घटना गुरुवार देर शाम बजरंग चौक के पास की है। फिलहाल सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की स्थिति गम्भीर बतायी जाती है। वहीं इस घटना से आस-पास के इलाके में दहशत का माहौल है।

## देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने शुरु की व्हाट्सएप सेवा

राष्ट्रीय मख्यधारा। नई दिल्ली



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट व्हाट्सएप संदेशों के द्वारा से अधिवक्ताओं को वाद सूची, केस फाइलिंग और केस लिस्टिंग के बारे में जानकारी प्रसारित करना शुरू कर देगा। वाद सूची किसी विशेष दिन पर अदालत द्वारा सुनवाई के लिए निर्धारित मामलों की रूपरेखा तैयार करती है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत के सुप्रीम कोर्ट ने एक छोटी सी पहल शुरू की। व्हाट्सएप मैसेंजर हमारे दैनिक जीवन में एक सर्वव्यापी सेवा रही है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत करने और न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए शक्तिशाली संचार उपकरण की भूमिका निभाई है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी प्रश्न पर सुनवाई शुरू करने से पहले, सीजेआई ने यह घोषणा की। सीजेआई ने कहा कि अब अधिवक्ताओं को केस फाइलिंग के संबंध में स्वचालित संदेश प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त, बार के सदस्यों को प्रकाशित होते ही उनके मोबाइल फोन पर कारण सूची भी प्राप्त होगी। यह सुविधा और सेवा हमारी दैनिक कार्य आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। इस कदम के बारे में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक और क्रांतिकारी कदम है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर भी प्रदान कर स्पष्ट किया कि वह किसी भी संदेश या कॉल को स्वीकार नहीं करेगा। सीजेआई चंद्रचूड़ के मार्गदर्शन में सुप्रीम कोर्ट सक्रिय रूप से न्यायिक कार्यों के डिजिटलीकरण को आगे बढ़ा रहा है।

## कांग्रेस के लिए परिवार सब कुछ, भाजपा के लिए देश: पीएम

### कांग्रेस ने सेना के जवानों के हाथ बांध रखे थे

राष्ट्रीय मख्यधारा। मुरैना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुरैना में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए सिर्फ और सिर्फ देश सबसे बड़ा है, जबकि कांग्रेस के लिए अपना परिवार सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मुरैना ने हमेशा उनका साथ दिया है, जिनके लिए देश सबसे पहले है। आपका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं कि मुरैना आज अपने संकल्प से डिगा नहीं है। आगे भी कभी अपने संकल्प से मुरैना नहीं डिगेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के समय कांग्रेस ने धर्म के नाम पर ही देश का बंटवारा स्वीकारा था। मां भारती के हाथों की जंजीरों को काटने की जगह उन्होंने मां भारती की भुजाओं को काट दिया। देश के टुकड़े कर दिए। कांग्रेस आज भी सुधरने के लिए तैयार नहीं है। कुर्सी और सत्ता हासिल करने के लिए कांग्रेस छटपटा रही है। कुर्सी पाने के लिए कांग्रेस लगातार गंदे खेल खेलने में जुटी हुई है। कांग्रेस ने सालों तक सेना के जवानों को उनका हक नहीं दिया। वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा नहीं होने दिया, जो हमने सत्ता में आते ही लागू किया। कांग्रेस पार्टी एक ऐसी ही विकास विरोधी समस्या है, जिसे अब जनता दूर ही रखना चाहेगी।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सीमा पर खड़े जवानों की सुविधा को भी समझा और जवानों को खुली छूट दी है। कांग्रेस ने जवानों के हाथ बांध रखे थे, हमारी सरकार ने कहा कि अगर एक गोली आती है, तब 10 गोली चलानी चाहिए। एक गोली की जगह 10 तोपें दुश्मन पर वार करनी चाहिए।

### पीएम के भाषण की जांच चुनाव आयोग ने शुरू की

**नई दिल्ली**। केंद्रीय चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जो शिकायतें की गई है। उनकी जांच शुरू कर दी है। चुनाव आयोग के अनुसार बांसवाड़ा मैं दिए गए बयान की जांच चुनाव आयोग के अधिकारियों द्वारा की जा रही है। दूसरे चरण का मतदान होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत के कई दिनों बाद जांच करने की बात कही जा रही है। अभी तक चुनाव आयोग में कोई कार्यवाही नहीं की है। चुनाव पर्यवेक्षक उपस्थित होते हैं, उन्हें स्वयं संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी थी। कार्यवाही नहीं किए जाने पर कांग्रेस पार्टी अब न्यायालय की शरण में जाने पर विचार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में सबसे पहले कहा था, कि कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को मुसलमानों के बीच बांट देगी। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान को भी तोड़ मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया गया है। प्रधानमंत्री लगातार अपनी रैली में बार-बार यही दोहरा रहे हैं। जिसको लेकर आप कांग्रेस न्यायालय की शरण में जाएगी।

### पाकिस्तान के साथ संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र, भारत ने ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया मुद्दा

**नई दिल्ली**। भारत ने पाकिस्तान के साथ संयुक्त बयान में कश्मीर के जिक्र का मुद्दा ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की पाकिस्तान यात्रा के समापन पर जारी संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दे का उल्लेख किए जाने के बाद भारत ने इस मामले को ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया है। प्रवक्ता से पूछा गया था कि विदेश मंत्रालय कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त बयान को कैसे देखता है। उल्लेखनीय है कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निमंत्रण पर 22-24 अप्रैल तक पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा की। यात्रा के बाद दोनों देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि पाकिस्तान और ईरान इस बात पर सहमत थे कि कश्मीर मुद्दे को क्षेत्र के लोगों की इच्छा के आधार पर शांतिपूर्ण तरीकों से हल किया जाना चाहिए ।



### 4.0 तीव्रता का भूकंप, जगदलपुर-सुकमा में झटके, जनहानि नहीं

**जगदलपुर**। बस्तर और ओडिशा के कुछ इलाकों में 2-2 सेकंड के लिए भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिसमोलॉजी पर दर्ज जानकारी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 थी। भूकंप का केंद्र जगदलपुर से 42 किमी दूर दरभा के आसपास और 10 किमी की गहराई पर था। झटके सुकमा, छिंदगढ़, दरभा, तोकापाल समेत ओडिशा के मलकानगिरी और जगदलपुर के आसपास के क्षेत्रों महसूस किए गए। सुकमा में झटकों के बाद लोग घबराकर घरों से बाहर आ गए। हालांकि भूकंप में इसमें जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

## 5000 भारतीयों को रवांडा भेजेगी ब्रिटेन सरकार: सुनक


राष्ट्रीय मख्यधारा। लंदन



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 5000 अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को,अफ्रीका के देश रवांडा भेजने का फैसला किया है। 5000 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में रह रहे थे। उन्होंने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे ना मंजूर कर दिया है। 1 जनवरी 2022 के बाद से अवैध रूप से जो भी लोग ब्रिटेन पहुंचे हैं। ब्रिटेन सरकार द्वारा उन्हें शरणार्थी का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। नाही ब्रिटेन सरकार उन्हें अपने देश में रखना चाहती है। ब्रिटेन में रह रहे यह 5253 भारतीयों मे 60 फीसदी से अधिक 18 से 29 साल के बीच के हैं। इंग्लिश चैनल को नावों के जरिए पार करके यह लोग ब्रिटेन पहुंचे थे। अवैध रूप से ब्रिटेन भेजने वाले एजेटों ने इन युवाओं से लाखों रुपए वसूल किए थे। भारत सरकार से कोई सहायता इन्हें नहीं मिली। इसके बाद ब्रिटेन सरकार ने 5000 से अधिक भारतीयों को रवांडा भेजने का फैसला किया है। ब्रिटेन सरकार रवांडा की सरकार को प्रति शरणार्थी 63 लाख रुपए अदा करेगी। ब्रिटेन में सभी देशों के जो शरणार्थी रह रहे थे। उसके लिए ब्रिटेन की सरकार ने 18900 करोड रुपए रवांडा की सरकार को दिए हैं।

## खड़गे ने पीएम को लिखा पत्र, मांगा समय

राष्ट्रीय मख्यधारा। नई दिल्ली



**बताना चाहते हैं क्या है पार्टी के न्याय पत्र में**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मिलकर कांग्रेस के घोषणा पत्र को समझाना की इच्छा जताई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आदतन कुछ शब्दों को उठाकर अप्रासंगिक विषय बनाकर सांप्रदायिक माहौल बनाने का प्रयास करते रहते हैं। इससे वे अपने पद की गरिमा को गिरा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा कि उनके सलाहकार उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं जो कांग्रेस के घोषणा पत्र में नहीं लिखा गया है जबकि कांग्रेस न्याय पत्र का लक्ष्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें मिलकर कांग्रेस का घोषणा पत्र समझाने में खुशी होगी। मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र को सोशल मीडिया एक्स के अपने पोस्ट पर टैग किया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को लिखा है कि वे आपके(प्रधानमंत्री) पिछले कुछ दिनों के भाषणों से न तो हैरान हैं और न ही आश्चर्यचकित हैं क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि चुनाव के पहले चरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन देखने के बाद आप और आपकी पार्टी के अन्य नेता इसी तरह बोलना शुरू करेंगे। उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस गरीबों और उनके अधिकारों (न्याय) की बात करती रही है।आपकी सरकार को गरीबों की कोई चिंता नहीं है। खड़गे ने लिखा है कि आपकी सूट-बूट की सरकार उन कॉरपोरेट्स के लिए काम करती है जिनका टैक्स (कर) कम किया गया है, जबकि वेतनभोगी वर्ग अधिक कर चुकाता है। गरीब जीएसटी का भुगतान करते हैं और अमीर कॉरपोरेट जीएसटी रिफंड का दावा करते हैं। इसीलिए जब हम अमीर और गरीब के बीच असमानता की बात करते हैं, तो आप जानबूझकर इसे हिंदू और मुस्लिम से जोड़ रहे हैं। हमारा घोषणापत्र गरीबों के लिए है चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम या ईसाई या सिख। अपने पूर्व सहयोगियों की तरह देश को बांटने की कोशिश न करें। मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा है कि कांग्रेस ने हमेशा गरीबों को सशक्त बनाने का काम किया है और आपने गरीबों की कमाई और संपत्ति छीनने का शासन किया है। आपकी सरकार वह थी जिसने गरीबों द्वारा बैंकों में जमा किए गए धन को ऋण के रूप में अमीरों को हस्तांतरित करने के लिए नोटबंदी को "संगठित लूट और वैध लूट" के रूप में इस्तेमाल किया था। तब ये ऋण आपकी सरकार द्वारा माफ कर दिए गए थे।



## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत



**रांची**। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। वहीं न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह मामला भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने से जुड़ा है। चाईबासा सिविल कोर्ट ने 27 फरवरी को अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। राहुल गांधी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने बहस की।

### रांची-हावड़ा एक्सप्रेस 28 और 29 अप्रैल को डायवर्ट होकर चलेगी



**रांची**। दक्षिण पूर्व रेलवे में आद्रा-खड़गपुर रेलखंड के पियारडोबा स्टेशन पर चलने वाले यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। कुछ का आंशिक सपामन भी किया गया है। ट्रेन नंबर 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, बोकारो-चंद्रपुरा-महुदा-भोजूडीह-आद्रा-बांकुड़ा की बजाय कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल-टाटा-खड़गपुर होकर 28 और 29 अप्रैल व ट्रेन नंबर 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस वापसी में खड़गपुर-टाटा-चांडिल- पुरुलिया-कोटशिला होकर चलेगी। वहीं दूसरी ओर गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस बांकुड़ा तक ही चलेगी। फिर वहीं से वापस गोमो आ जाएगी। ट्रेन नंबर 18024 गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस 26, 27, 28, 29 अप्रैल और ट्रेन नंबर 18023 खड़गपुर-गोमो एक्सप्रेस, बांकुड़ा से ही पांच दिन वापस गोमो के लिए चलेगी। वहीं यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 30 जून तक विस्तार किया है। ट्रेन नंबर 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक मई से 30 जून व ट्रेन नंबर 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन का 30 अप्रैल से 29 जून तक विस्तार किया गया है।

### कैश कांड में आरोपित अधिवक्ता राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



**रांची**। कोलकाता कैश कांड में आरोपित झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई।अदालत ने सुनवाई के बाद राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। इसपर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### 159 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस हुआ रद्द

**बोकारो** । बार – बार आदेश जारी करने के बाद भी शस्त्र जमा करने में लापरवाही बरतने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों पर जिला प्रशासन बोकारो ने बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी विजया जाधव ने अब तक ऐसे कुल 159 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लाइसेंस को रद्द किया है। यह कार्रवाई जिला स्क्रिनिंग कमेटी की अनुशंसा पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी ने किया है।

इस बाबत सभी संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को जिला सामान्य शाखा से अलग - अलग आदेश पत्र जारी किया गया है। आदेश पत्र में उल्लेख है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने हेतु कार्यालय ज्ञापांक-373/सा०, दिनांक-16/03/2024 एवं ज्ञापांक-392/ सा०, दिनांक-27/03/2024 द्वारा बोकारो जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपना शस्त्र संबंधित थाना/पुलिस केन्द्र, बोकारो या शस्त्र दुकान में जमा करने हेतु निदेश दिया गया था। बार - बार आदेश के बावजूद भी शस्त्र जमा नहीं किया गया है। वहीं, इस पर कार्रवाई के लिए जिला स्क्रिनिंग कमेटी ने अनुशंसा की थी।

आमर्स रूल (Arms Rules) 1959 की कंडिका 17 की उप कंडिका 3(B) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऐसे कुल 159 शस्त्र अनुज्ञप्तियों को निरस्त किया गया है।

जानकारी हो कि, रद्द शस्त्र अनुज्ञप्तियों में ऐसे भी कुछ अनुज्ञप्तिधारी है,जिनका निधन हो गया है और कुछ अन्यत्र जिले व राज्य में स्थानांतरित हो गये हैं। उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी ने पिछले दिनों 18 अप्रैल 2024 को 110 शस्त्र अनुज्ञप्ति, 22 अप्रैल 2024 को 17 एवं आज (25 अप्रैल को) 32 शस्त्र अनुज्ञप्ति को रद्द किया है।

### हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज

**रांची**। अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत ने गुरुवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। छोटू कुजूर जमीन कारोबारी कमल भूषण और उनके एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले में आरोपित है। कमल भूषण की हत्याकांड के बाद लगभग डेढ़ साल तक वह फरार था। कोर्ट के आदेश पर जब पुलिस छोटू कुजूर के घर कुर्की जब्ती करने पहुंची तभी गुप्त सूचना के आधार पर गुमला से उसे गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड मामले में छोटू कुजूर के भाई डब्लू कुजूर और और भतीजा राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है छोटू कुजूर, डब्लू और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से अपने घर लौट रहे थे उसी दौरान रातू रोड काली मंदिर के पास गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गयी थी।

### बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन अलर्ट, रोकथाम के लिए चला विशेष अभियान

**रांची**। क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों (मुर्गा) के जांच किये गये नमूनों में H5N1 एवियन इन्फ्लुएंजा की पुष्टि हो गयी है। इसके बाद होटवार सहित प्रभावित क्षेत्र के 01 किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य गुरुवार से कर दिया गया। रांची जिला प्रशासन द्वारा द्वारा बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा संक्रमित क्षेत्र के 01 किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाने लगा है। संक्रमित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में टीम द्वारा चिकन, ऐग शॉप एवं आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है एवं बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# राजमहल लोकसभा सीट से माकपा ने गोपीन सोरेन को बनाया उम्मीदवार

राष्ट्रीय मख्यधारा। रांची




माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि पार्टी राजमहल लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार उतारेगी। गोपीन सोरेन माकपा के उम्मीदवार होंगे और वह नौ मई को नामांकन करेंगे। उन्होंने गुरुवार को कहा कि राज्य कमिटी ने झारखंड में केवल एक लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार देने का निर्णय किया है। पार्टी की अखिल भारतीय चुनावी कार्यनीति जिसमें भाजपा और उसके सहयोगियों को पराजित कर केंद्र में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार का गठन सुनिश्चित किए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके मद्देनजर राज्य की राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए माकपा ने केवल एक सीट पर ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। राजमहल लोकसभा सीट पर पार्टी के चुनाव अभियान की तैयारी बहुत पहले से ही चल रही है। पार्टी का इस इलाके में अपना जनाधार भी है और पिछले दो वर्षों से यहां के ज्वलंत जनमुद्दों पर पार्टी की ओर से लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है। हालांकि यह सीट झारखंड में इंडी गठबंधन के एक प्रमुख घटक की पिछले दो बार से जीती हुई सीट है। लेकिन यहां से जीते हुए सांसद की निष्क्रियता और इस लोकसभा क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं के प्रति उनकी उदासीनता के चलते मतदाताओं में भारी आक्रोश है। संताल परगना में कार्पोरेट घरानों के जरिये यहां उपलब्ध खनिज की लूट के लिए आदिवासियों और अन्य गरीबों की जमीन हथियाने के खिलाफ तथा इस क्षेत्र में निजी खनन से उत्पन्न हो रहे बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ भी सांसद की रहस्यमय चुप्पी से आम मतदाता काफी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि खुद उनके दल के विधायकों सहित पार्टी के कई नेताओं की ओर से भी उनकी उम्मीदवारी का मुखर विरोध किया जा रहा है। यहां के आम मतदाताओं का कहना है कि यह उम्मीदवार भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है। इस पृष्ठभूमि में राजमहल लोकसभा क्षेत्र में माकपा ही एकमात्र राजनीतिक पार्टी हैं जो भाजपा को हराने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मानना है कि गठबंधन मे शामिल राजनीतिक पार्टियों के बीच सीट शेयरिंग का मामला शुरू से ही राज्य स्तर पर तय किए जाने का फैसला किया गया था। इसके अनुरूप झारखंड में आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के बीच सीट शेयरिंग आंशिक रूप से ही हुआ है।गठबंधन में शामिल देश की प्रमुख वामपंथी पार्टी माकपा से सीट शेयरिंग के बारे में गठबंधन की सत्तारूढ़ पार्टियों ने कोई चर्चा भी नहीं की। उन्होंने कहा कि झारखंड मे वामदलों के प्रति गठबंधन की सत्तारूढ़ पार्टियों की उदासीनता और उनके साथ राजनीतिक संवाद नहीं किया जाना गठबंधन के नेतृत्व की कमजोरी है, जिसके जिम्मेवार वामदल नहीं हैं।

## मतदान दिवस के लिए वाहन प्रबंधन रखें सही, नागरिकों को न हो कोई असुविधा: के. रवि कुमार

राष्ट्रीय मख्यधारा। रांची

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने परिवहन विभाग से कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान वाहन प्रबंधन इस ढंग से करें कि मतदान दिवस के दिन माहौल कर्फ्यू जैसा न रहे। आम नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसका हर संभव ध्यान रखें। आम नागरिक सहित चुनाव कार्य से जुड़े मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों को चुनाव ड्यूटी के दौरान आवागमन में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए असेसमेंट कर 26 अप्रैल तक वाहन प्रबंधन से संबंधित रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी संग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाहन प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने के लिए भी पुख्ता इंतजाम रखें, ताकि मतदान केन्द्र पर खुद चलकर आने में अक्षम मतदाताओं को सुविधा हो और वे उत्साहपूर्ण तरीके से मतदान केन्द्र तक पहुंचे और मतदान करें। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए स्थानीय स्तर पर छोटे वाहनों की उपलब्धता हेतु प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने वाहनों की एडवांस तैयारी करने और आवश्यकता के अनुरूप संबंधित नजदीकी जिलों से संपर्क स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी ए.वी होमकर ने कहा कि पुलिस जवानों को पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की पूर्व तैयारी कर लें, ताकि पुलिस जवानों को कोई परेशानी न हो और वे ससमय संबंधित गंतव्य पर पहुंच सकें। बैठक में निर्वाचन सदन से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, परिवहन सह कल्याण सचिव कृपानंद झा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, आईजी धनंजय कुमार सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के राज्यस्तरीय पदाधिकारी देवदास दत्ता एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## हाई कोर्ट ने मान स्ट्रक्चरल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

राष्ट्रीय मख्यधारा। रांची



झारखंड हाई कोर्ट में ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड (जेयूएसएनएल) की ओर से ट्रांसमिशन लाइन के कॉन्ट्रेक्ट से संबंधित मामले में मान स्ट्रक्चरल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। न्यायाधीश राजेश कुमार की कोर्ट ने मान स्ट्रक्चरल प्राइवेट लिमिटेड को राहत देते हुए उसके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी। साथ ही मामले की सुनवाई 16 मई निर्धारित की है। मामले में मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि ट्रांसमिशन लाइन बनाने का कॉन्ट्रैक्ट जब सिमप्लेक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मिला था, तो उसने कैसे सब ठेकेदार को काम दे दिया। क्यों नहीं इस मामले को जांच के लिए सीबीआई के पास भेजा जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की। जेयूएसएनएल से सिमपलैक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को वर्ष 2018 में पांच ट्रांसमिशन लाइन का कॉन्ट्रैक्ट को दिया गया था। लेकिन सिमप्लेक्स यह काम नहीं कर पाया। इसके बाद उसने वर्ष 2022 में जेयूएसएनएल के एमडी से परामर्श कर इस काम को सब ठेकेदार को देने की बात कही। जेयूएसएनएल के एमडी के सहमति के बाद यह कार्य सब ठेकेदार बेसिक इंजीनियरिंग इंडिया को दिया गया। बेसिक इंजीनियरिंग इंडिया ने इस कार्य को पूरा के लिए तकनीकी अनुभव के लिए मान स्ट्रक्चरल प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर के साथ समझौता किया। बाद में बेसिक इंजीनियरिंग इंडिया और सिमप्लेक्स इंफ्रास्ट्रक्चर ने आपसी मिलीभगत से जेयूएसएनएल को फर्जी बैंक गारंटी दे दी थी। बैंक गारंटी जब इनकैश नहीं हुआ तो जेयूएसएनएल ने फरवरी 2024 में बेसिक इंजीनियरिंग इंडिया एवं मान स्ट्रक्चरल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।

# रांची में 30 अप्रैल से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन

राष्ट्रीय मख्यधारा। रांची



रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में 30 अप्रैल से देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग (एनडब्ल्यूएचएल) का आयोजन होगा। यह नौ मई तक खेला जाएगा। इसमें युवा महिला खिलाड़ियों के हाथों हॉकी स्टिक का जादू देखने को मिलेगा। हॉकी झारखंड के प्रमुख और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग हमारे महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने और घरेलू स्तर पर उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। लीग का चरण-1 रांची में 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक आयोजित होगा जो देश में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। अपनी तरह का यह पहला घरेलू लीग टूर्नामेंट होगा। इसमें देश की शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं का रोमांचक प्रदर्शन दिखेगा। एनडब्ल्यूएचएल का लक्ष्य खेल को ऊपर उठाना और स्थापित तथा महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करना भी है। उद्घाटन चरण में हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि हॉकी लीग में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीम शामिल है। सभी टीमें एक-दूसरे से एक-एक मैच खेलेंगी। युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए लीग में अंडर-21 आयु वर्ग की खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के विकास और भविष्य की पीढ़ी के हॉकी सितारों पर मजबूत फोकस करना इसका लक्ष्य है। हॉकी इंडिया के महासचिव सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग न केवल महिला हॉकी के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए भी एक गेम चेंजर साबित होगी। यह टूर्नामेंट राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिभाओं की पहचान और पोषण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी उपयोगी साबित होगा। इस प्रतियोगिता के लिए टीमों का आगमन 28 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। पांच टीमों को मोरहाबादी स्थित होटल पार्क प्राइम और 3 टीमों को होटल ली लैक में ठहराया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर का किए जाने का प्रयास होगा। लाइव टेलीकास्ट भी होगा। निर्धारित दिनों में मैच सुबह 7 बजे, दोपहर बाद 4 बजे, 6 बजे और 8 बजे होंगे। 30 अप्रैल के बाद एक मई को मैच होंगे। इसके अलावा 4, 5, 7, 8 और 10 मई को मैच होंगे। 2, 5, 8 मई को रेस्ट डे रहेगा। दर्शकों के लिए इंट्री फ्री होगी।

# रक्षित ने पेंटिंग और फोटोग्राफी के अपने शौक को किनारे कर रोजाना 9 घंटे की पढ़ाई

राष्ट्रीय मख्यधारा। बोकारो



जेईई मेन के दूसरे सत्र में अपने विद्यालय डीपीएस बोकारो में सर्वाधिक 99.92 परसेंटाइल हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थी रक्षित राज ने इस सफलता के लिए कड़ी मेहनत की। एक खास बातचीत में उसने बताया कि उसे पढ़ाई के साथ-साथ फोटोग्राफी का खास शौक है। चित्रांकन में भी उसकी रुचि है, लेकिन 11वीं और 12वीं में पढ़ाई के इन दो वर्षों में उसने अपने इन दोनों शौक को किनारे कर दिया और रोजाना 7 से लेकर 9 घंटे तक पढ़ाई की। तब कहीं जाकर यह अंक वह प्राप्त कर सका। उसने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता, अपने विद्यालय एवं उन सभी शिक्षकों को दिया है जिन्होंने उसे सही रास्ता दिखाया। बोकारो जिले के गोमिया में बतौर सरकारी शिक्षक पदस्थापित राजेश तिवारी के पुत्र रक्षित की दिली ख्वाहिश आगे चलकर कंप्यूटर साइंस में एक सफल इंजीनियर बनने की है। उसने नर्सरी से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई डीपीएस बोकारो से ही है। 10वीं में उसने 97.6% अंक प्राप्त किए थे। उसकी छोटी बहन रिया राज इसी विद्यालय में आठवीं कक्षा की छात्रा है। उसकी कामयाबी पर उसके पिता राजेश तिवारी और माता गृहिणी रजनी तिवारी काफी प्रसन्न हैं। वे आगे भी उसकी सफलता को लेकर आशान्वित हैं। जेईई मेन सेशन 2 में रक्षित ने मैथमेटिक्स में 99.86, फिजिक्स में 99.93 और केमिस्ट्री में 99. 71 परसेंटाइल हासिल किया। फाइनल एनटीए स्कोर के आधार पर उसने अखिल भारतीय स्तर पर सीआरएल 1388 रैंक प्राप्त की है।

## मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए 26 अप्रैल तक का समय



राष्ट्रीय मख्यधारा। रांची

मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए एक दिन 26 अप्रैल तक का समय दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल को सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए एक दिन का समय है। गुरुवार सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें -118 नये मतदाता फॉर्म लेकर गए । शुक्रवार को भी सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने भी कैंप लगेगा। वे आयु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रंगीन पासपोर्ट की फोटो के साथ कल एक फॉर्म भर सकते हैं।

## एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम सहित दो आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

राष्ट्रीय मख्यधारा। रांची

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को दस साल पुराने एचईसी में हुए टेंडर घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम (सिविल एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन) अनिल कुमार सिंह और कोलकाता की कंपनी मेसर्स कंसल्टिंग डिजाइन इंजीनियरिंग सेंट्रल प्रा. लिमिटेड के संचालक पार्थ चक्रवर्ती को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह मामला 20 जून 2012 में हुए टेंडर घोटाले को लेकर सीबीआई ने नवंबर 2014 में अनिल कुमार सिंह, सीनियर डीजीएम प्रोजेक्ट डिवीजन बंधु तिग्गा और कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सुनवाई के दौरान बंधु तिग्गा की मौत हो गई थी। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार कंठ ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। इस कारण सीबीआई ने घोटाले को साबित करने के लिए अदालत के समक्ष 17 गवाहों को प्रस्तुत किया था। बावजूद आरोप को साबित नहीं किया जा सका। इसका लाभ आरोपितों को मिला। मामले में एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम पर गलत तरीके से ठेका देने का आरोप लगा था। एचईसी ने 20 जून 2012 को कृष्णशिला प्रोजेक्ट में डिजाइन और इंजीनियरिंग कार्य के लिए ठेका देने को लेकर एक निविदा निकाली थी। इसका अनुमानित लागत 2.6 करोड़ रुपए था।

# चिन्मया विद्यालय के विद्यार्थियों का जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन, अनिमेष बना स्कूल टॉपर

राष्ट्रीय मख्यधारा। बोकारो



चिन्मय विद्यालय के विद्यार्थियों ने जेईई मेन -2 में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र अनिमेष राय 99.802 परसेंटाइल के साथ स्कूल में अव्वल रहे। आयुष कुमार 99.733 परसेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर और ऋषभ कुमार 99.7211 तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का दावा है कि 108 विद्यार्थियों ने कामयाबी पाई है। इस बेहतरीन प्रदर्शन पर चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती, विद्यालय के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक (कोषाध्यक्ष), विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा एवं उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने सभी सफल बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई तथा एडवांस्ड के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक, शंभुनाथ झा, चंदन कुमार सिंह, पीके सिंह, अमरेन्द्र नारायण उपाध्याय, अशोक चौबे, कुमोद रंजन सिंह, अजय कुमार सिंह , आर एल महतो, उत्पल मित्रा, सुब्रतो गुप्ता आदि मौजूद थे।

बेहतर परिणाम लान वालों में अनिमेष रॉय (99.802), आयुष कुमार (99.735), ऋषव कुमार (99.721) शुभम आनंद (99.6809), प्रियांशु पीयूष (99.314), देव संगम (99.041) के अलावा कृष कुमार, आर्यन कुमार, निलेश कुमार, सचिन राय, प्रियांशु रंजन, रूशिल सिंहा, सयन मुखर्जी, उत्कर्ष कुमार, आकर्ष कुमार, प्रिंस राज, सौम्या ज्योति सेन, राजा कुमार, सिंह, शुभ बनर्जी, मयूरेश भारती, प्रियांशु राज, शोर्या कुमार, वंशिका वानया, विशाल कुमार महथा,विवेक कुमार, विश्वनाथ मुखर्जी, श्रेया स्नेहा, विवेक कुमार मौर्या, शाश्वत कुमार झा, अनीश रंजंन, कुमार किसलय तेजस्वी, सूरज कुमार, प्राकृत प्रसून, निखिल कुमार, सौरभ कुमार कुमार वर्मा आदि के नाम शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 27 को



**गिरिडीह।** झालसा और जिला विधिक सेवा प्राधिकर द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसकी जोर शोर से तैयारी की जा रही है। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकर की सचिव सोनम बिश्नोई ने गुरुवार को देते हुए बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश मनोज कुमार प्रसाद के नेतृत्व में इस विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

बताया कि इस विशेष लोक अदालत में बिजली विभाग और एनआईए एक्ट से जुड़े लंबित मामलों के अलावे अन्य लंबित मामलों का निष्पादन किया जाना है। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश मनोज प्रसाद समेत अन्य न्यायिक अधिकारी दीप प्रज्ज्वलित कर उस विशेष लोक अदालत के विधिवत उद्घाटन करेंगे। मौके पर दिलीप कुमार समेत कई न्यायालय कर्मी मौजूद थे।

### MCMC व मीडिया कोषांग के कार्यों की हुई समीक्षा,स-समय पूर्ण करने का दिया गया निर्देश



**गिरिडीह।** वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह उप नगर आयुक्त विशालदीप खलको की अध्यक्षता में गुरुवार को मीडिया कोषांग एवं MCMC कोषांग की एक बैठक हुआ। जिसमें कोषांगों के कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग ने बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। कहा कि दिनांक 26 मई से नाम निर्देशन का कार्य शुरू हो जाएगा, उसी के निमित्त प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाना है, उसे लेकर सारी तैयारियों को पूरा कर लें। उन्होंने नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग को MCMC कोषांग द्वारा पेड न्यूज का नियमित अनुश्रवण करने के निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग समेत मीडिया कोषांग के सभी अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

बता दें कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके अलावे 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव का भी मतदान तिथि 20 मई है। इस निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

### एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से किया गया व्यापक प्रचार-प्रसार



**गिरिडीह।** लोकसभा आम चुनाव व गांडेय विधानसभा उप चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के धनवार प्रखंड के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया गया। डिजिटल वैन के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 20 मई और 25 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा एलईडी वैन के माध्यम से सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी गई।

### कोडरमा लोस और गांडेय उपचुनाव का नाम निर्देशन पत्र बिक्री आज से

**गिरिडीह।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत वाई विस्पुते ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा बीते 16 मार्च 2924 को 05-कोडरमा एवं 06-गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव तथा 31-गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव, 2024 की घोषणा की गई है। उक्त घोषणा के आलोक में बीते 18 मार्च 2024 के अपराह्न् से समाहरणालय पपरवाटांड़ परिसर सहित गिरिडीह सदर अनुमण्डल क्षेत्र में द०प्र०सं० की धारा 144 के तहत् निषेधाज्ञा लागु है।

उन्होंने बताया कि 05-कोडरमा संसदीय क्षेत्र एवं 31-गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव का नाम निर्देशन पत्र परिदत्त आगामी 26 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगा। 05-कोडरमा संसदीय क्षेत्र का नाम निर्देशन उपायुक्त गिरिडीह के कार्यालय प्रकोष्ठ में एवं 31 गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव का नाम निर्देशन जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गिरिडीह के कार्यालय प्रकोष्ठ समाहरणालय (पपरवाटांड़) में होगा। उक्त के परिपेक्ष्य में नाम निर्देशन प्रक्रिया की समाप्ति तक रिटर्निंग अधिकारी पुस्तिका 2023 की कंडिका 5.8.1 के आलोक में निर्वाची पदाधिकारी/सहायक निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर आने के लिए अभ्यर्थी के दस्ते में उनके साथ आने वाले वाहनों की संख्या 03 (तीन) तक सीमित रहेगी।

### गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध यादव 01 मई को करेंगे नामांकन

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड की बेरहा सुईयाडीह पंचायत के मुखिया सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार यादव आगामी एक मई को गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे।

उन्होंने गुरुवार को बताया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं को कोई युवा सांसद ही पूरा कर सकता है। अब तक के सभी सांसदों ने क्षेत्र के लोगों को सिर्फ बरगलाने का काम किया है। युवाओं के रोजगार की दिशा में किसी ने पहल नहीं की है। इसलिए इस बार मतदाताओं ने युवा चेहरे पर अपना विश्वास जताने का मन बनाया है। कहा कि लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान समाज के सभी वर्गों के लोगों ने उन्हें समर्थन देने का भरोसा दिया है।

### कल्पना सोरेन 29 अप्रैल को करेंगी नामांकन

**गिरिडीह।** झामुमो ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कल्पना सोरेन को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। कल्पना सोरेन आगामी 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिये अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगी।

बता दें कि गांडेय विधानसभा के उपचुनाव के लिये मतदान आगामी 20 मई को कोडरमा लोकसभा चुनाव के मतदान के साथ होगा।

गांडेय विधानसभा सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद द्वारा इस्तीफ़ा दिए जाने के बाद से खाली हुई है। बीते 31 दिसंबर 2023 को विधानसभा सचिवालय की ओर से आदेश जारी कर कहा गया था कि विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। यह सीट 31 दिसंबर 2023 से खाली है।

# वेदांता ई एस एल स्टील ने प्रतिष्ठित 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं के लिए स्वर्ण पदक जीता

- वेदांता ई एस एल स्टील ने प्रतिष्ठित 5वीं सी आई आई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं के लिए स्वर्ण पदक जीता।
- सी आई आई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित वार्षिक कार्यक्रम है।
- ई एस एल स्टील लिमिटेड ने कुल 59 प्रविष्टियों में 2 नामांकन "डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोग" और "अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाला सर्वश्रेष्ठ संगठन" दर्ज किया।
- ई एस एल स्टील लिमिटेड ने "ए आई - एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार" परियोजना में गोल्ड अवार्ड जीता।
- इस टीम में समीर दास, अभिषेक पॉल, के संदीप और जवेरिया मज़हर सहित डिजिटल और सुरक्षा विभाग के कर्मी शामिल थे।

राष्ट्रीय मख्यधारा। बोकारो



समीर दास, अभिषेक पॉल, ज़वेरी मज़हर और के संदीप

वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी इंटीग्रेटेड स्टील उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति उत्कृष्टता, नवीन भावना और समर्पण पर अटूट ध्यान है। हाल ही में, ई एस एल स्टील लिमिटेड को प्रतिष्ठित 5वीं सी आई आई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जिसे देश भर के संगठनों से 7 श्रेणियों में 59 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं। यह वार्षिक प्रतियोगिता "सी आई आई नेशनल ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता" भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) द्वारा आयोजित की जाती है और पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित है। जिस प्रोजेक्ट के लिए ई एस एल स्टील लिमिटेड ने गोल्ड अवार्ड जीता वह था "अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाले सर्वश्रेष्ठ संगठन" के तहत "ए आई - एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार"। इस परियोजना के अलावा ई एस एल स्टील लिमिटेड ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में "डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोग" के लिए भी खुद को नामांकित किया। ई एस एल टीम में के. संदीप, अभिषेक पॉल और जवेरिया मजहर सहित सुरक्षा और डिजिटल कर्मी शामिल रहे और इसका नेतृत्व समीर दास ने किया। ये उत्कृष्ठ विजय है जो ई एस एल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण के कफोकस को प्रदर्शित करता है। ये विजय उन सुरक्षा जोखिमों को सक्रिय रूप से पहचानने और कम करने के लिए ए आई - सक्षम उन्नत कैमरा पहचान की शक्ति का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा दिया। सावधानीपूर्वक योजना, कठोर मूल्यांकन और अटूट समर्पण के माध्यम से यह परियोजना अपने प्रभाव और प्रभावशीलता के लिए सामने आई और अपने प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता। इस अवसर पर, ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी, रवीश शर्मा ने कहा "इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने से वेदांता ई एस एल पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले में विनिर्माण उद्योग में एक उल्लेखनीय नाम बन गया है। यह एक राष्ट्रीय मंच पर हमारी अनुकरणीय सुरक्षा और पर्यावरण प्रथाओं को प्रदर्शित करता है, हमारे संगठन के भीतर सुरक्षा और स्थिरता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देता है और नवाचार, सहयोग और समर्पण द्वारा चिह्नित है।"

**बिजनेस एक्सीलेंस टीम के बारे में:** सुश्री मीनाक्षी सभरवाल के नेतृत्व में ई एस एल स्टील लिमिटेड की बिजनेस उत्कृष्टता टीम और विनय भूषण कुमार और शालू प्रिया की सहायता से ईएसएल स्टील में अपनाई गई प्रगति, नवाचार और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य है।

वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के बारे में झारखंड के बोकारो जिले के सिवलजोरी गांव में स्थित, ईएसएल स्टील उत्पादों का एक अग्रणी निर्माता है। इसमें 2.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) ग्रीनफील्ड एकीकृत इस्पात संयंत्र है जो पिग आयरन, बिलेट्स, टीएमटी बार, वायर रॉड और डक्टाइल आयरन पाइप का उत्पादन करता है। संयंत्र निर्धारित पर्यावरण मानकों के साथ तालमेल बिठाकर काम करता है, विश्व स्तरीय सेवाओं और उत्पादों की पेशकश करने के लिए प्रतिष्ठित निर्माताओं से अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता और समाधान लाता है।

# जेईई मेन- 2 में भी डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का दमखम बरकरार

**99.92 परसेंटाइल के साथ रक्षित बना टॉपर, रयान दूसरे व अवंतिका तीसरे स्थान पर**

राष्ट्रीय मख्यधारा। बोकारो



इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के दूसरे व अंतिम सत्र का परिणाम भी गुरुवार को जारी कर दिया गया। इसमें भी विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम बरकरार रखा। 60 से अधिक विद्यार्थियों ने इसमें शानदार कामयाबी पाई। विद्यालय के छात्र रक्षित राज ने सर्वाधिक 99.92 पर्सेंटाइल अंक पाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जबकि, रेयान सिंह 99.91 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर रहे, तो अवंतिका गुप्ता ने 99.84 पर्सेंटाइल के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। समाचार लिखे जाने तक कुल 15 विद्यार्थियों को 99 और 41 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक मिले।

समाचार लिखे जाने तक सफल विद्यार्थियों की फेहरिस्त में रक्षित राज - 99.92, रेयान सिंह - 99.91, अवंतिका गुप्ता - 99.84, विशाल मेहता - 99.82, मो. अम्मार - 99.80, दिव्यांशु जायसवाल - 99.64, स्पर्श कुमार - 99.64, स्पर्श राज - 99.56, उत्कर्ष कुमार - 99.52, नमन जैन - 99.45, तरुण गुप्ता - 99.45, ऋषव कुमार - 99.4, मोहित कुमार - 99.20, आकाश महता - 99.06, सौम्यदीप मंडल - 99.00, आशुतोष सिंह - 98.94, मानव राज - 98.92, बख्तावर जावेद - 98.82, पुष्पित किसलय - 98.6, आर्यन रंजन सिंह - 98.5, जानवी कुमारी - 98.48, साक्षी प्रिया - 98.47, अंशु राज - 97.90, सैयद अशदुल्लाह - 97.56, विचांशु राज - 97.43, विक्रांत कुमार - 97.38, श्रेयांशु घोष - 96.65, आयुष्मान दत्ता - 96.64, ऋषव कुमार - 96.62, दिव्य प्रकाश सिंह - 96.49, पौलम कुंडू - 96.42, कमरीन फातिमा - 96.39, कृष शांडिल्य - 96.34, अजितेश आनंद - 96.32, सिद्धांत वैभव - 96.32, आर्यन राज - 95.73, विवेक आनंद - 95.73, आर्यन कुमार - 95.52, हर्षवर्धन - 95.41, रितिका साहा - 95.36, अंशल कुमार - 95.12, अधृत सिंह - 94.24, श्रेया सुमन - 94.09, कार्तिक राज - 94.04, सिल्वी सृष्टि - 93.91, तेजस अग्रवाल - 93.83, आयुष राज - 93.52, आदर्श कुमार मिश्रा - 93.50, राधिका अग्रवाल, समर सिंह, ऋषभ रंजन, अभिनव राज आदि के नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की ओर से जेईई मेन दो सत्रों में आयोजित किया गया था। परीक्षा का पहला सत्र 24 जनवरी से 01 फरवरी के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र 4 से 12 अप्रैल की अवधि में आयोजित किया गया था। बोकारो जिले में 3569 विद्यार्थी जेईई मेन 2 की परीक्षा में शामिल हुए थे। सफल हुए विद्यार्थियों ने आगामी 26 मई को होनेवाली जेईई एडवांस्ड की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है।

डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस अच्छी सफलता पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जेईई एडवांस्ड में भी उनके बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई और इसके लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

## हत्या मामले में महिला को आजीवन कारावास, दो अन्य को 10-10 साल की सजा



राष्ट्रीय मख्यधारा। गिरिडीह

जमीन विवाद में एक दिव्यांग युवक की हत्या मामले में प्रधान जिला एंव सत्र न्यायधीश मनोज कुमार प्रसाद के कोर्ट ने वीडियो क्रांफेसिंग के जरिए गुरुवार को एक महिला को आजीवन कारावास एवं दो अन्य आरोपियों को 10-10 साल की सजा सुनायी।

अदालत ने इस हत्याकांड मामले में धनवार थाना क्षेत्र के नायकडीह गांव निवासी जयदेव यादव की पत्नी राजेन्द्री देवी को हत्या की धारा 302 में आजीवन कारावास की सजा और 50 हजार का जुर्माना लगाया। वहीं जुर्माना नहीं देने पर छह माह का अतिरिक्त सजा सुनायी। जबकि राजेन्द्री देवी के पति जयदेव यादव और उसके बेटे संकेत यादव को धारा 326 में 10 साल की सजा के साथ 10 हजार का जुर्माना एवं धारा 338 में 1 साल की सजा सुनाया है।

जानकारी के अनुसार नायकडीह गांव में 27 नवंबर 2021 को दोपहर के समय जमीन विवाद मामले में दिव्यांग पिंटू यादव की हत्या राजेन्द्री देवी, जयदेव यादव और संकेत यादव समेत अन्य आरोपियों ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर किया था। जिसे मौके पर ही पिंटू की मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक पिंटू यादव के भाई दिनेश यादव ने धनवार थाना में हत्या का केस दर्ज कराया था।

अपर लोक अभियोजक सुधीर कुमार और बचाव पक्ष के अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद पांडेय के जिरह सुनने के बाद अदालत ने तीनों को अलग-अलग धाराओं में आजीवन कारावास और 10 -10 साल की सजा सुनायी।

## नगरी पंचायत के ग्रामीणों ने जलमीनार समस्या संबंधित बीडीओ को लिखा आवेदन

राष्ट्रीय मख्यधारा। डुमरी



प्रखंड के नगरी पंचायत के बरनवाल टोला एवं हरिजन टोला में पिछले छः महीनो से 14वीं वित्त की राशि से बनाये गये जलमीनार खराब पड़ा है। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया पर इस भीषण गर्मी में पानी की किल्लत होने के बावजूद भी कुंभकर्ण की नींद नहीं टुटी।जिसे देख ग्रामीणों ने गुरूवार को बीडीओ के नाम एक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त दोनों टोला में जल मीनार खराब होने से राहगीरों के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को इस शुरुआती गरमी में पानी की किल्लत शुरू हो गई है जबकि अभी पूरा गरमी बाकी है। जलमीनार जो कि एकमात्र साधन था लोगों की पेयजल उपलब्धता का लेकिन जलमीनार खराब हो जाने से लोगों को काफी परेशानी हो रही हैं।दोनों जलमीनार चौराहों पर निर्मित होने से काफी लोगों को पेयजल में राहत मिलती थी। कि जलमीनार से लगभग 200 घरों में जलापूर्ति होती थी। ग्रामीणों ने बीडीओ से उक्त जल समस्या के निदान के दिशा में पहल करने की मांग की है।

# चुनाव कोषांगों के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, दिये कई निर्देश

राष्ट्रीय मख्यधारा। गिरिडीह




जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव व गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर गठित किए गए सभी कोषांग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के कार्यों की जानकारी ली और प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारी पूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट-मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्राँग रूम आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन करने का निर्देश दिया। सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही।

बैठक में उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दुबे , सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत वाई विस्पुते, अपर समाहर्ता बिजय सिंह बिरूआ, उप नगर आयुक्त विशालदीप खलको, उप निर्वाचन पदाधिकारी रँथु महतो सहित सभी संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन





राष्ट्रीय मख्यधारा। गिरिडीह

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरूवार को सदर अस्पताल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला के दौरान सिविल सर्जन ने सभी अधिकारियों को मलेरिया समाप्ति के लिए सकारात्मक एवं सशक्त पहल का शुरू करने की शपथ दिलाई।

कार्यशाला के दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य जनसमुदाय को मलेरिया सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरूक करना एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनका व्यवहार परिवर्तन किया जाना है। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस पर मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य 2030 तक निर्धारित किया गया है। कहा कि मलेरिया रोगी संख्या में कमी एवं मलेरिया से होने वाले मुत्यु को रोकने के लिए भारत सरकार के द्वारा डायग्नोस्टिक टुल-वाईभेलेन्ट कीट, पीएफ रोगियों के उपचार हेतु कारगर दवा आरटीसूने 80 पैक एवं पीभी रोगियों के उपचार हेतु क्लोरोक्वीन एवं प्रईमाक्यून उपलब्ध करवाई गई है। कहा कि मलेरिया से बचाव एवं सुरक्षा हेतु किटनाशी युक्त मच्छरदानी उपलब्ध करवाई गई है। कार्यशाला के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती, डीपीएम एनएचएम प्रतिमा कुमारी समेत स्वास्थ विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## एसडीएम को आवेदन देकर किया मिठाईयों की गुणवत्ता जांच की मांग

राष्ट्रीय मख्यधारा। डुमरी

एसडीएम डुमरी को एक ज्ञापन सौंप कर प्रखंड के डुमरी, जामतारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे मिठाई निर्माण फैक्ट्री की वैधता एवं निर्माण होने वाले लड्डु सहित अन्य मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच करने की मांग की है। युवा कांग्रेस के डुमरी विधानसभा अध्यक्ष सह हिन्द मजदूर किसान यूनियन के अध्यक्ष गंगाधर महतो ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र में कई जगहों पर लड्डु व अन्य मिठाई के निर्माण फैक्ट्री संचालित है। जिनमे अधिकांश मिठाई दुकानों में निम्न स्तरीय एवं स्वास्थ्य के लिए अति नुकसानदायक मिठाई की बिक्री की जाती है। वहीं इन मिठाई निर्माण फैक्ट्री से निकलने वाला अपशिष्ट जल एवं सामग्रियों के निस्तारण हेतु कोई मुक्कमल व्यवस्था नहीं होती है जिस कारण दुर्गंधयुक्त अपशिष्ट जल से आसपास रहने वाले लोगों का जीना मुहाल हो जाता है।

बताया कि बीते 22 अप्रैल को डुमरी थाना क्षेत्र के आइबीपी में संचालित एक मिठाई निर्माण फैक्ट्री के संचालक द्वारा खुले में बनाये गये जल निस्तारण गड्ढा में डूबकर एक बच्चे की मौत हो गयी। उन्होंने मिठाई के नाम पर स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 3.5 किग्रा नकली सोना बैंक में गिरवी रखकर 1.24 करोड़ का कर्ज ले 28 लोग हो गए फरार

**धनबाद, एजेंसी।** 3.5 किग्रा नकली सोने के गहने गिरवी रखेऔर 1.24 करोड़ रुपए कर्ज लेकर 28 लोग फरार हो गए। मामला बैंक ऑफ इंडिया की सरायढेला शाखा का है। कुछ दिनों बाद तक भी जब कर्ज की वसूली नहीं हुई, तो बैंक ने गिरवी रखे सोने की जांच कराई। तब उनके नकली होने का खुलासा हुआ। बैंक में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विश्व प्रताप सिंह ने सरायढेला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक, नकली गहनों के एवज में साल 2022 से जनवरी 2023 के दौरान कर्ज दिए गए।

### कोयला उद्योग में काम करने वाले ठेका श्रमिकों का महंगाई भत्ता बढ़ा

**धनबाद, एजेंसी।** कोयला उद्योग में काम करनेवाले ठेका मजदूरों के महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी की गई है। महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी होने से इनको मिलनेवाली प्रतिदिन की मजदूरी बढ़ गई है। कोल इंडिया के महाप्रबंधक ( श्र.श. एवं औ. सं.) गौतम बनर्जी की ओर से अधिसूचना जारी करते हुए बीसीसीएल समेत कोल इंडिया के सभी सीएमडी को पत्र भेजा गया है। बढ़ी हुई महंगाई भत्ता 1 अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 तक प्रभावी रहेगा। बढ़े हुए महंगाई भत्ता के अनुसार हाइली स्किल्ड को 1266 की जगह 1337 रुपया, स्किल्ड को 1236 के बदले 1305 रुपया, सेमी स्किल्ड, अन स्किल्ड सुपरवाइजरी को 1206 की जगह 1274 रुपया और अनस्किल्ड को 1176 के बदले 1242 रुपया मिलेगा ।इस तरह हाइली स्किल्ड को 71, स्किल्ड को 69, सेमी स्किल्ड, अन स्किल्ड सुपरवाइजरी को 68 तथा अनस्किल्ड को 66 रुपए का प्रतिदिन का लाभ हुआ है। ठेका मजदूरों की महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी का निर्णय केंद्रीय चीफ लेबर कमिश्नर के आदेश के आलोक में लिया गया है। इससे बीसीसीएल समेत कोल इंडिया में काम करने वाले लगभग 10 लाख से अधिक ठेका मजदूरों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

### मनाने पहुंची प्रशासन की टीम तो ग्रामीण बोले सड़क बने, फिर मिलेगी भारी वाहनों को इंट्री

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पटमदा प्रखंड की कुमीर-दांदुडीह ( 16 किमी ) सड़क की जर्जर स्थिति के विरोध में ग्रामीणों ने 7 महीने से इस सड़क पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा रखी है। ग्रामीणों ने ग्रामसभा कर यह फैसला लिया था। कुमीर से दांदुडीह तक करीब 20 क्रशर हैं, जहां हाइवा और अन्य भारी वाहनों का परिचालन होता है। ग्रामीणों को मनाने के लिए प्रशासन की ओर से बुधवार को कुमीर गांव में ग्रामसभा रखी गई। पटमदा सीओ विजय कुमार महतो पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। लेकिन सड़क निर्माण का ठेकेदार नहीं पहुंचा था। इस दौरान ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि पहले सड़क निर्माण पूरा हो फिर भारी वाहनों का परिचालन करने दिया जाएगा। सड़क काफी जर्जर हो गई है। कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। इसके कारण दुर्घनाएं हो रही है। वहीं धूल से लोगों का रहना दूभर हो गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुमीर से दांदुडीह तक सड़क बननी थी। सड़क निर्माण का शिलान्यास 2022 में किया गया था, जिसे जुलाई 2023 तक पूरा करना था। शंकर ब्रदर्स एंड संस कंपनी को टेंडर मिला था। समय पर काम पूरा नहीं होने का ग्रामीण विरोध कर रहे। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क को खोद कर छोड़ दिया गया है। कंकड़ भी उभर आए हैं। कई बार शिकायत के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण ग्रामसभा कर सड़क पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई गई। ग्रामीणों के विरोध के कारण क्रशरों से भारी वाहनों का परिचालन पश्चिम बंगाल के रास्ते से किया जा रहा है। करीब 20 किमी घूम कर बंदवान होते हुए वाहन आना-जाना कर रहे हैं।

### 15 नामजद व 100 अज्ञात पर केस, तस्करों ने टीम पर की थी फायरिंग

**निरसा , एजेंसी।** निरसा के पांड्रा बेजरा बराकर नदी घाट पर सोमवार की रात छापेमारी टीम पर हुए हमले को लेकर मंगलवार को कार्यपालक दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे की शिकायत पर निरसा थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई है। जिसमें 15 नामजद सहित 100 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। शिकायत में कार्यपालक दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे ने कहा कि धनबाद डीसी के निर्देश पर सोमवार की रात लगभग 8-30 बजे बालू तस्करी के खिलाफ छापेमारी करने के लिए निरसा के पांड्रा-बेजरा बराकर नदी घाट पहुंचे हुए थे। छापेमारी टीम ने मौके से अवैध बालू लोड हाइवा संख्या डबलूबी 14 बी / 9775 व एक बिना नंबर के हाइवा को जब्त किया था। दोनों हाइवा चालक भी मौके पर पकड़े गए। इस दौरान बालू तस्करों ने उनपर हमला कर दिया। तस्करों के बुलाने पर 100 से अधिक लोग मौके पर पहुंच गए और पत्थरबाजी करने लगे। अंधेरा का फायदा उठाते हुए बालू तस्कर जब्त दोनों हाइवा को लेकर भाग निकले। वहीं हाइवा चालक ताजुद्दीन को छुड़ाने के लिए तस्करों ने पत्थरबाजी के साथ फायरिंग शुरू कर दी। बचाव में टीम में शामिल पुलिस को भी आत्मरक्षार्थ 17 राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी। सिकंदर अंसारी, नवाब अंसारी, खलील अंसारी, देवनारायण महतो, रहीम अंसारी, सद्दाम अंसारी, सफीदिन अंसारी उर्फ गुज्जू, वजीर मियां, मुस्ताक अंसारी, अलीम अंसारी, नियाज खान, डबलू मल्लिक, आफताब अहमद, फारुख अंसारी व शराफत अंसारी। इनपर सबसे पहले छापेमारी दल पर हमला करने के साथ और लोगों को भी बुलाने का आरोप है।

# रंगदारी, धमकी, फायरिंग, हत्या, गुंडों ने फैलाई दहशत

**धनबाद, एजेंसी।** रंगदारी, धमकी, फायरिंग, हत्या... पिछले वर्षों में धनबाद ने अपराध के कई रूप देखे हैं। रंगदारी के लिए कारोबारियों की दुकानों पर फायरिंग हुई। इनकार करनेवालों को गोली मारी गई। हत्या भी कर दी गई। डर का माहौल बना। कारोबारियों के साथ आमजन भी असुरक्षित महसूस करने लगे।

डर ऐसा कि दुकानदारों ने अपने बोर्ड से मोबाइल नंबर मिटा दिए। कई कारोबारी बॉडीगार्ड रखने को मजबूर हो गए। धनबाद में सूरज सिंह, अमन सिंह और प्रिंस खान जैसे अपराधियों का आतंक रहा। अपराध के आंकड़े बताते हैं कि पिछले करीब 4 वर्षों में धनबाद के 600 से अधिक व्यवसायियों और अन्य लोगों को रंगदारी के लिए धमकाया गया। दो कारोबारियों को गोली भी मार दी गई। 40 के करीब एफआईआर भी और 70 से अधिक अपराधी गिरफ्तार भी किए गए। इसके बावजूद धमकियों का सिलसिला बंद नहीं हुआ। प्रिंस देश के बाहर रहते हुए भी लोगों को धमका रहा है। आम चुनावों



के दौरान भी अपराध की चर्चा है। धनबाद के लोग शांति चाहते हैं। ऐसे में वोट मांगने आनेवालों से सवाल जरूर किए जाएंगे कि वे धनबाद को भयमुक्त बनाने के लिए क्या करेंगे

धनबाद में कोयले के धंधे पर वर्चस्व के लिए हिंसक झड़पें होती रही हैं। लोडिंग प्वाइंट और डीपो में अक्सर गोली-बम चलने के मामले सामने आते रहे। पुलिस की जांच में सफेदपोशों के नाम भी आए, पर उन पर कार्रवाई नहीं हुई। इन वारदातों में मौतें भी हुई और ज्यादातर मजदूर ही निशाना बने, फिर भी किसी राजनीतिक दल या नेता ने इस मामले को मुद्दा नहीं बनाया। साल 2022-2023 के दौरान धनबाद में सर्राफा कारोबारी, डॉक्टर, कपड़ा व्यवसायी, टायर विक्रेता, बिल्डर, ठेकेदार, होटल व्यवसायी, मोटर पार्ट्स कारोबारी से लेकर आम दुकानदार और ठेले पर अंडा, गुपचुप बेचनेवालों को तक को फोन कॉल व मैसेज के जरिए रंगदारी के लिए धमकाया गया। दहशत का माहौल कायम हो गया। कई लोगों ने मोबाइल नंबर बदल लिए या बंद ही कर दिए। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि कई कारोबारियों ने हार मानते हुए गुंडों को रुपए दे दिए।पिछले वर्षों में रंगदारी के लिए धमकियों का सिलसिला पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में पकड़े गए अमन सिंह और अन्य अपराधियों ने शुरू किया। वे जेल में रहते हुए भी वहां के कर्मियों से साठ-गांठ कर कारोबारियों को फोन से धमकाने लगे। उसी दौरान झरिया के एक कारोबारी की हत्या कर दी गई। एक डॉक्टर के नर्सिंग होम पर फायरिंग हुई। हालांकि बाद में अमन सिंह को जेल में ही मार डाला गया।

गुंडों ने दो छद्म नामों से भी काफी दहशत फैलाई। अमन सिंह के गुर्गे के रूप में छोटू सिंह और प्रिंस खान गैंग के मेजर के नाम कई वारदातों में सामने आए। खुद को मेजर बतानेवाले 5 अपराधी पकड़े गए और हर बाद नया मेजर खड़ा हो जाता रहा। छोटू नाम के शख्स की भी गिरफ्तारी हुई, पर धमकियों का सिलसिला जारी रहा।

गैंग्स के लिए कुख्यात वासेपुर के प्रिंस खान ने भी रंगदारी के लिए फोन कॉल, वीडियो, ऑडियो व टेक्स्ट मैसेज के जरिए काफी दहशत फैलाई। रुपए नहीं देनेवालों पर फायरिंग भी कराई। दो कारोबारियों को गोली मार दी गई। हर वारदात के बाद वह मैसेज जारी कर उसकी जिम्मेवारी लेता रहा। इसके बावजूद पुलिस के हाथ नहीं आया। वासेपुर में नन्हे हत्याकांड के बाद वह और आक्रमक हो गया। उस पर 50 से अधिक केस दर्ज हैं। इसके बावजूद उसने पुलिस को चकमा देकर पासपोर्ट बनवा लिया और देश से भाग निकला।

## धनबाद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अब यूटयूबर देंगे मदद, सब्सक्राइबर्स से करेंगे वोट देने की अपील

**धनबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का काम अब इंटरनेट मीडिया इनफ्लुएंसर्स करेंगे। ये मतदान के प्रति लोगों खासकर युवाओं को जागरूक करते भी नजर आएंगे। वोट प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त माधवी मिश्रा ने प्रमुख इंटरनेट मीडिया इनफ्लुएंसर्स से सहयोग की अपील की है।

माधवी मिश्रा ने कहा कि लोगों तक किसी भी संदेश को पहुंचाने के लिए इंटरनेट मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली उपकरण है। एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और वाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैं। यहां तक पहुंचने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इंफ्लुएंसर की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ-साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न इंटरनेट मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी।

इस दौरान सभी इनफ्लुएंसर ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने विचार रखे। रोचक कहानी, ब्लागर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया। उपायुक्त ने चुनाव के इस महापर्व में सभी इनफ्लुएंसर्स को अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के सम्मानित नागरिक का कर्तव्य निभाएं। सभी से वोट करने की अपील भी करें। इंटरनेट मीडिया में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तरह-तरह के कंटेंट का निर्माण कर पोस्ट करने की भी अपील की गई।

स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर युवाओं के साथ जुड़ने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इतना ही नहीं विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की एक टीम बनाई है।

यह मतदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग करेंगे।

## तीन दिनों से लापता भाजपा नेता यूपी में मिले

**रांची, एजेंसी।** झारखंड से तीन दिनों से लापता भाजपा नेता गमलियल हेम्ब्रम व उसके साथी आश मोहम्मद उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के धनपतगंज थाना क्षेत्र में सुरक्षित है। इसकी पुष्टि एसपी कुमार गौरव कुमार की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी है। दोनों के गुमशुदगी की रिपोर्ट 21 अप्रैल को बरहेट थाना में दर्ज करायी गई थी। पत्नी मुखिया विनीता टुडू ने थाना में आवेदन देकर कहा था कि बीते 15 अप्रैल की सुबह छह बजे चार पहिया वाहन से पति गमलियल हेम्ब्रम दुमका जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इनके साथ खैरवा गांव के ही उनके साथी जहांगीर मोमिन भी हैं। अबतक उनका कोई खबर नहीं है। उनका व साथी का मोबाइल भी स्वीच ऑफ आ रहा है।

एसपी ने बताया कि साहिबगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की। जांच में पता चला कि दोनों को सुल्तानपुर में सुरक्षित रखा गया है। इसबीच एक पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गमलियल हेम्ब्रम के मोबाइल का लोकेशन ट्रेस कर यूपी पुलिस को दिया गया था। इस इनपुट पर यूपी पुलिस ने सुल्तानपुर के धनपतगंज से दोनों को बरामद किया है। इस मामले में आगे की जांच चल रही है। जल्द पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा।रांची पुलिस नशे के तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस की टीम ने नामकुम इलाके से साढ़े तीन करोड़ रुपए का डोडा ( अफीम ) बरामद किया है।

# मेन रोड, हरमू-रातू रोड में जाम में फंसीं स्कूल बसें-एंबुलेंस, फुटपाथ पर भी सजी रहीं दुकानें

**रांची , एजेंसी।** राजधानी को जाम मुक्त बनाने के लिए पिछले दो दशक से हाईकोर्ट आदेश पर आदेश दे रहा है, लेकिन स्थिति में सुधार ही नहीं हो रहा है। जाम शहर की नियति बन गई है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाने पर 150 करोड़ रुपए खर्च किए गए, लेकिन शहर के लोगों को इसका लाभ नहीं मिला। वहीं, शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए हाईकोर्ट ने एक बार फिर कड़ा रूख अपनाते हुए ट्रैफिक एसपी को सख्त आदेश दिए हैं। मंगलवार को शहर की ट्रैफिक की लचर व्यवस्था पर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि एंबुलेंस और स्कूल बसों पर ध्यान दें। स्कूल बसों को स्कॉट करें, ताकि बसें जाम में नहीं फंसे।

मेन रोड सहित सभी प्रमुख सड़कों में फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा है। निगम और ट्रैफिक पुलिस रोजाना अभियान चलाती



बुधवार को सुजाता चौक के पास जाम में फंसी स्कूल बसें।

है, फिर भी दुकानें नहीं हटती। इसका खामियाजा वाहन सवारों को भुगतना पड़ता है। हरमू रोड और रातू रोड में भी फुटपाथ पर कब्जा और सड़कों पर वाहन खड़ी करने से जाम लगता है।

मेन रोड-कडरू मोड़ से सुजाता चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कई बार जाम लगा। एक दर्जन से अधिक स्कूल बसें जाम में फंसी रहीं। ट्रैफिक पुलिस हिदायत दे रही थी, फिर भी शाम में सड़क पर दुकानें सज गईं।

रातू रोड - बुधवार सुबह 11 से दोपहर 1 बजे के बीच कई स्कूल बसें भी जाम में फंसी रहीं। शाम में ट्रैफिक लोड बढ़ने पर दुर्गा मंदिर से पिस्का मोड़ तक पहुंचने में करीब 40 मिनट का समय लग गया।हरमू रोड-हरमू पुल से भारत माता चौक होते हुए किशोरगंज, गाड़ीखाना चौक और शनि मंदिर चौक से न्यू मार्केट चौक तक स्कूल बसें जाम में फंसी रहीं। किशोरगंज चौक के पास जाम होने से वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

## रांची समेत कई जिलों में हीट वेव का कअलर्ट 5 दिनों तक मौसम में बदलाव नहीं, 41 डिग्री के पार जा सकता है तापमान

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के लोगों को अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। अगले 5 दिनों तक मौसम में बदलाव का अनुमान नहीं है। गर्मी बढ़ने को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने यलो अलर्ट जारी किया है। 28 अप्रैल को राजधानी में हीट वेव चल सकती है। इसे लेकर अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।



28 अप्रैल को राजधानी का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक भी हो सकता है। राज्य के अन्य हिस्सों की भी स्थिति इसी तरह की स्थिति रहने का पूर्वानुमान है। पूरे राज्य में अगले पांच दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

अभी भी पूरे राज्य में कई जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक चल रहा है। पिछले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ बारिश भी हुई। राजधानी में भी कई स्थानों पर छिटपूट बारिश हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र ने संथाल परगना, कोल्हान और धनबाद-बोकारो वाले इलाके में विशेष गर्मी पड़ने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि इधर लगातार तापमान चल रहा है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर चल रहा है। इस कारण गर्मी का एहसास ज्यादा हो रहा है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज राज्य के कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले में उत्तरी छोटानागपुर के बोकारो एवं धनबाद जिले में तथा संथाल परगना के जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिला में हीट वेव चलेगी।

यही स्थिति कल भी रहने वाली है। 27 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में हीटवेव के साथ-साथ अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है। 28 अप्रैल को भी राज्य के 11 जिलों में हीट वेव की स्थिति रहेगी।

# 25 टन अवैध कोयला लोड ट्रक जब्त, 5 पर प्राथमिकी

**निरसा , एजेंसी।** कालूबथान ओपी क्षेत्र के कलियासोल प्रखंड कार्यालय के समीप बलियापुर-पतलाबाड़ी मुख्य मार्ग पर पुलिस ने छापेमारी कर 25 टन अवैध कोयला लोड ट्रक को जब्त करते हुए चालक को हिरासत में लिया है। छापेमारी का नेतृत्व कालूबथान ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश दलबल के साथ कर रहे थे। पुलिस ने ट्रक मालिक, चालक, मां काली भट्ठा के संचालक मंटू यादव व कांतो महतो पर प्राथमिकी दर्ज की है।

वहीं बुधवार की सुबह गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि, कालूबथान ओपी क्षेत्र के मां काली कोयला भट्ठा लेदाहेरिया में अवैध कोयला खपाया जा रहा था। जिसे रात के अंधेरे में ट्रकों में लोडकर ग्रामीण पथ का लाभ उठाकर प. बंगाल भेजा जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही कालूबथान पुलिस ने मंगलवार की देर रात बलियापुर-पतलाबाड़ी मुख्य मार्ग में छापेमारी कर ट्रक संख्या-डब्लूबी57 सी-4582 को जब्त किया। ट्रक चालक मिठू दास से ट्रक में लोड कोयला के कागजात की



मांग की गई। परंतु चालक ने कोई भी कागजात प्रस्तुत किया। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर ओपी ले आई। पूछताछ में ट्रक चालक ने कालूबथान ओपी क्षेत्र के लेदाहरिया स्थित मां काली कोयला भट्ठा से कोयला लोड कर प. बंगाल ले जाने की बात कहीं। सभी लोगों पर अवैध कोयला का स्टॉक कर उसे विभिन्न क्षेत्रों में खपाने का धारा लगाकर प्राथमिकी दर्ज की है।

कालूबथान ओपी क्षेत्र के लेदाहरिया में पंचायत के एक पंचायत प्रतिनिधि के इशारे पर अवैध कोयला का धंधा बीते कुछ माह से संचालित हो रहा था। निरसा व आसपास के क्षेत्र के विभिन्न अवैध उत्खनन से निकलनेवाला कोयला को रात के अंधेरे में स्कूटर, बाइक व पिकअप वैन के माध्यम से उक्त भट्ठे में खपाया जाता था। मौका देख स्टीम कोयला को ट्रक में लोडकर प. बंगाल के विभिन्न मंडियों में खपाया जा रहा था। पंचायत प्रतिनिधि अपने को पाक-साफ रखने के लिए अपने रिश्तेदार के जिम्मे फैक्ट्री को कर परदे के पीछे से कोयला का काला कारोबार को संचालित कर रहा था। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने वरीय पुलिस पदाधिकारियों को भी दी थी। लगातार मिल रही सूचना के आलोक में पुलिस ने कार्रवाई की।

# प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारियों पर द पीपल एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

**धनबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज और गुरु नानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मास्टर प्रशिक्षक पुष्कर चन्द्र झा ने मतदाता पंजी में सभी मतदाता के संबंध में प्रविष्टि करने, प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची जारी करने और प्रत्येक मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाने की प्रक्रिया से संबंधित जरूरी जानकारी दी।

उन्हें डमी मतदाता रजिस्टर एवं डमी मतदाता पर्ची का अवलोकन भी कराया गया। डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने कहा कि इस बार 80प्रतिशत मतदान प्राप्त करने



का लक्ष्य है। जिला प्रशासन को सभी मतदान पदाधिकारियों से प्रशिक्षण सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थित होकर गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने की अपेक्षा है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारी पर द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मास्टर प्रशिक्षक उमेश लाल, सियाराम सिंह, शिरोमणि दुबे, अजित सिंह, राजेश सिन्हा, सुरेश सिंह, शंभू शरण अम्बष्ठ, रमाशंकर तिवारी, अनिल महतो, अशोक सिंह, बिनोद महतो, अनूप बाजपेयी आदि थे।

मतदान पदाधिकारियों से प्रशिक्षण सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थित होकर गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने की अपेक्षा है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारी पर द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मास्टर प्रशिक्षक उमेश लाल, सियाराम सिंह, शिरोमणि दुबे, अजित सिंह, राजेश सिन्हा, सुरेश सिंह, शंभू शरण अम्बष्ठ, रमाशंकर तिवारी, अनिल महतो, अशोक सिंह, बिनोद महतो, अनूप बाजपेयी आदि थे।

## केयू के स्नातक कोर्स में चांसलर पोर्टल के जरिए ही होगा दाखिला

**जमशेदपुर , एजेंसी।** कोल्हान विश्वव द्यालय के कॉलेजों में संचालित स्नातक कोर्स में दाखिला पूरी तरह चांसलर पोर्टल के जरिए ही होगा। यानी सभी स्टूडेंट्स को चांसलर पोर्टल पर जाकर आवेदन करना होगा। जिन स्टूडेंट्स ने सीयूईटी-यूजी के तहत केयू के कॉलेजों में एडमिशन के लिए अप्लाई किया है, उन्हें चांसलर पोर्टल के जरिए फिर से आवेदन करना होगा। आवेदन की तिथि विश्वव द्यालय की ओर से जारी की जाएगी।

नामांकन के लिए 12वीं के अंकों को आधार बनाया जाएगा और इसके आधार पर कॉले -वार मेधा सूची जारी की जाएगी। कोल्हान विश्वव द्यालय प्रशासन का कहना है- इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति मांगी गई है। जैसे ही वहां से निर्देश मिलेगा, एडमिशन की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। मालूम हो कि केयू ने पिछले साल सीयूईटी व चांसलर पोर्टल दोनों प्रक्रिया के तहत स्नातक में दाखिला लिया था। उस समय कहा गया था-2024 से पूरी तरह सीयूईटी -यूजी के माध्यम से ही दाखिला लिया जाएगा। स्नातक में सीयूईटी-यूजी की जगह चांसलर पोर्टल के जरिए दाखिला लेने की मुख्य वजह कम आवेदन आना है।

मिली जानकारी के अनुसार कोल्हान विवि में इस बार सीयूईटी यूजी के तहत करीब 5 हजार आवेदन आए हैं, जबकि यहां के कॉलेजों में 25 हजार से अधिक सीटें हैं। अगर विवि सीयूईटी के आधार पर दाखिला लेने की दिशा में आगे बढ़ेगा तो 80 प्रतिशत सीटें रिक्त रह जाएंगी।

## गलत डाइट लेने का आरोप

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर र्प्वतन निदेशालय ने गलत डाइट लेने का आरोप लगाया है। अदालत में ईडी ने कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए तथा उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है। वह सुबह-शाम आलू पूड़ी, मिठाई और आम खा रहे हैं। चीनी वाली चाय भी पी रहे हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी उनका घर का खाना बंद करना चाहती है। केजरीवाल रोज 56 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। उनका ब्लड-शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है। उन्हें लगातार कब्ज रहता है तथा क्रोनिक ब्रोंकाइटिस (खांसी) बनी रहती है। जेल डिस्पेंसरी की तरफ से नियमित जांच होने के बावजूद वह ब्लड शुगर के लिए निर्धारित डाइट नहीं ले रहे हैं। उधर अदालत में याचिका दायर कर केजरीवाल की जेल में सुरक्षा को खतरे में बताया गया है। आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी लंबे समय से जेल में बंद हैं। केंद्र सरकार पर आरोप है कि यह जानबूझकर किया जा रहा है। वह आप सरकार के काम-काज के तरीकों और उसकी प्रसिद्धि से घबरा कर ऐन लोक सभा चुनाव के पहले यह कदम उठाया गया। आप नेता संजय सिंह ने इस कृत्य को तानाशाही कहा, जबकि केजरीवाल ने जेल से भेजे संदेश में कहा कि मैं आतंकवादी नहीं हूं। हालांकि केजरीवाल को खुद को नुकसान पहुंचाने जैसा कदम उठाने से बचना चाहिए। निश्चित रूप से इससे दुनिया भर में उचित संदेश नहीं जा रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। यह तय है कि यदि केजरीवाल या उनके दल के अन्य नेताओं पर आरोप साबित होते हैं तो उन पर कानून शिंकजा कसेगा। भ्रष्टाचार को लेकर अपने यहां सिर्फ बातें ही बनाई जाती हैं। राजनीतिज्ञों के भ्रष्टाचारमुक्त होने पर जनता में संशय ही है। मोदी सरकार भी ऐसा कोई उदाहरण तय करने में सफल नहीं है, जिससे प्रतीत हो कि अपने नेताओं के भ्रष्टाचार को लेकर भी वह कड़े कदम उठा रही है। घातक संक्रमण की तरह फैलते भ्रष्टाचार से जूझना बड़ी चुनौती है, बदले की भावना से ऊपर उठ कर इससे मुक्त होने के सामूहिक प्रयास करने होंगे।

# जाति के इर्द-गिर्द घूमती भारतीय राजनीति

**अरुण कुमार दीक्षित**


भारतीय राजनीति में जाति की बड़ी अहमियत है। हालांकि अधिकांश महापुरुष जाति विहीन भारत के निर्माण के पक्ष में थे। वे जातिवाद को बेहद खतरनाक मानते थे और कई मौकों पर यह बात उन्होंने कही भी। जाति तोड़ो अभियानों में वे निरंतर जुटे रहे लेकिन जाति की जड़ों को हिला नहीं पाए। इसकी वजह यह रही कि उस समय जातियों का उभार तत्कालीन राजनीति कर रही थी। धीरे-धीरे यह जातीय उभार राजनीतिक गुटों, गिरोहों और वर्गों की शक्ल लेता गया और गांधी, लोहिया तथा अंबेडकर के सपने धराशायी हो गए। आज भारत की राजनीति में जाति सम्मेलनों की बहुलता बढ़ी है। वर्गों का आधिपत्य बढ़ा है । सभी जातियों-वर्गों के अपने नेता हैं । वह जातीय सम्मेलन करते हैं। सत्तारूढ़ दलों के नेता भी अपने स्तर पर जातीय उभार को मजबूती देते हैं। राजनीति दलों के बॉयलॉज की बात करें तो उसमें एक बात समान होती है कि राजनीतिक दल सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध कराने के काम करेंगे। जाति नहीं देखेंगे। चुनाव में जाति की बात नहीं करेंगे, मगर विधानसभाओं, विधान परिषद, राज्यसभा के चुनाव में जाति वर्ग के कई चरण मंथन- चिंतन की जातीय इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी जाती है। बात यहीं नही समाप्त होती, यह धर्म और पंथ तक जाती है। समता मूलक समाज की स्थापना की नकली रस्मों ने भी भारत का बड़ा अहित किया है। यहाँ वोट का गणित है। योग्यता-मेधा नहीं है। जातियों के नाम पर पार्टियां हैं। सभी जातियों की अपनी अपनी पार्टियां हैं। अपने-अपने महापुरुष हैं। उनकी मूर्तियों को लगाने की होड़ है। पार्कों को बनवाने के लिए प्रबल माँगें हैं। इतना ही नहीं, प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास पुरुषों, शासकों को अपनी जाति बताने में गर्व होता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के पोस्टर बैनर, लेटर हेड में अपनी जाति के महापुरुषों के चित्रों को लगाने का फैशन बढ़ा है। सरकारों के बदलने पर अपनी जाति वर्ग के विचारों वाले महापुरुषों व्यक्तियों की मूर्तियां लगाने, पार्क बनाने का काम पहले से ही जोरों पर है। इसमें खास बात यह है कि यह मूर्तियां लगाने और पार्क बनाने का काम जनता के धन से ही बड़ी सरलता से संपन्न होता है। देश में लोकसभा चुनाव का तापमान मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। गांव-गांव, नगर-नगर जातियों के नेता सक्रिय हैं। दलों के प्रभारी भी जाति देखकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जनपदों में बनाए जा जाते हैं। टिकट बंटवारे में राजनीति का मूल तत्व जाति ही है। टीवी पर भारी बहसें होती हैं। जाति के इस व्यक्ति या उस व्यक्ति के टिकट मिलने या मिलने पर, ऐसे में जाति विहीन राजनीति की बातें बेमानी है । समता, ममता और सामाजिक एकता के दावे भी फर्जी हैं। सबको साथ लेकर चलने की पंचायतें हैं, मगर जातियों की पंचायतें तय कर रही हैं कि मेरी जाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों में जातियों को लेकर गला काट प्रतिस्पर्धा है। जातिवादी, गुटों वर्गों द्वारा लगातार दलों को धमकी दी जा रही है। जातियों के अति सक्रिय होने से वे जातियां भी पीड़ित अपमानित महसूस करती हैं जिनकी संख्या कम है। वहीं अनेक जातियां उल्लसित हैं कि मेरी जाति की संख्या ज्यादा है। टीवी चैनल भी दलों के पक्ष में जाति आधारित वक्तव्य झगड़े की स्थिति तक दोहराते नहीं थकते हैं लेकिन मूल प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या भारत में अति सक्रिय जातिवादी ही सबसे बड़े लोकतंत्र के ठेकेदार हैं? तब उनका क्या होगा जो जातिवादी नहीं हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने जाति तोड़ो अभियान चलाया था। डॉक्टर लोहिया मानते थे कि जाति प्रथा के ऊपर सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक हमला होना चाहिए, जिससे एक दृढ़ समाज बने । दृढ़ और मजबूत समाज के लिए जनता की उदासीनता देश के प्रति खत्म होनी चाहिए। महात्मा गांधी के बाद देश में जाति तोड़ो अभियान की अगुवाई डॉ. लोहिया ही कर रहे थे। डॉ. लोहिया के विचार खासकर आज के राजनीतिक वातावरण में विशेषतः प्रासंगिक हैं । लोहिया ने कहा कि राजनीति बुराई से लड़ती है इसलिए लड़ो। गांधी ने अपनी पुस्तक सत्य के प्रयोग अथवा




आत्मकथा के अध्याय 12 के पेज नंबर 35पर लिखा कि मेरे विलायत जाने की बात पर जाति में खलबली मच गई। कहा कि अभी तक कोई मोढ़ बनिया विलायत नहीं गया। जातीय सभा बुलाई गई। मुझे जाति सभा में बुलाया गया। कहा गया कि जाति का ख्याल है कि विलायत (विदेश) जाना ठीक नहीं। हमारे धर्म में समुद्र पार करने की मनाही है। गांधी ने कहा कि मैंने माताजी और भाई से अनुमति प्राप्त की है। सरपंच ने कहा तू जाति का हुक्म नहीं मानेगा। गांधी ने कहा जाति को दखल नहीं देनी चाहिए। सरपंच गुस्सा गए। सरपंच ने आदेश दिया कि यह लड़का 'गांधी' आज से जाति च्युत माना जाएगा। महात्मा गांधी पर जाति के निर्णय थोपने के प्रयास हुए । गांधी को भी जाति के खाँचे में रखने के प्रयास हुए। बाद में वे विदेश जा पाए। डॉ आंबेडकर का विचार था कि जाति प्रथा से लड़ने के लिए चारों तरफ से प्रहार करना होगा। यह ईंट की दीवार जैसी कोई भौतिक वस्तु नहीं है। यह एक विचार है। अंबेडकर ने सवाल उठाया कि हमारे देश को बार-बार आजादी क्यों खोनी पड़ी। क्यों हम इतनी बार विदेशियों के अधीन हुए। कारण यह था कि हमारा सारा देश हमले के खिलाफ खड़ा नहीं हो सका। हमेशा एक छोटे से वर्ग ने मुकाबला किया और यह पराजित हो गया तो सारा देश विजेता के कदमों पर झुक गया। यह मुख्यतः हिंदुओं की जाति प्रथा के कारण हुआ है। बाबा साहब अंबेडकर एक चिंतन (मधु लिमये) की पुस्तक पृष्ठ संख्या 31 । स्वामी दयानंद ने जाति प्रथा की विकृति छुआछूत या अस्पृश्यता की प्रथा पर तीखा प्रहार किया। कहा कि यह प्रथा अनुचित और अमानवीय है, बल्कि यह वैदिक धर्म के विरुद्ध भी है। स्वामी दयानंद ने जिस राज्य व्यवस्था का समर्थन किया है, वह धर्म तंत्र नहीं है। वह कल्याणकारी राज्य है। इसमें धर्म और नैतिकता की रक्षा के साथ सार्वजनिक शिक्षा के प्रबंध आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि न्याय सत्य पर आधारित राजनीति के प्रति गहरा लगाव मूल्यवान है। लोकमान्य तिलक ने अस्पृश्यता की अमानवीय प्रथा का विरोध किया। जात-पांत पर आधारित भेदभाव की निंदा की। वे भारत में सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप सच्चा समाज सुधार लाना चाहते थे। भारतीय समाज में परिवर्तन चाहते थे। जिस समय भारत के यह सभी महापुरुष जाति उन्मूलन के लिए लगातार आंदोलनरत थे उस समय आधुनिक भारत उदय हो रहा था। गांधी, अंबेडकर, लोहिया, अरविंद घोष, लाला लाजपत राय, सुभाषचन्द्र बोस ने यह न सोचा होगा कि हमारा भारत अगले कुछ दशकों में राजनीति का संचालन जाति को प्राथमिकता देकर करेगा। आज जाति, धर्म, पंथ सर्वोच्च विषय लेकर लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। यह आहत करने वाली बात है। राजनीतिक दल, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, प्रबुद्ध जन जब तक चुनाव में जाति विहीनता के लिए अभियान नहीं चलाएंगे तब तक जातीय संगठन, जातीय पंचायतें, जातिवादी राजनीतिज्ञ जाति के नाम पर सत्ता की मलाई खाते रहेंगे। उपेक्षित होंगी प्रतिभाएं।

## साहित्य/लोक साहित्य

### ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता





भगवान श्रीकृष्ण गोकुल छोड़ कर चले गए हैं और इधर राधा जी कृष्ण विरह में व्याकुल विलाप कर रहीं हैं। इसी प्रसंग पर प्रस्तुत है मेरी ये रचना :---

लागै न जियरा हमार हो,
मोहना नाहिं आए।
कहिके गए श्याम, ऐबो हम
परसों।
दिनवाँ गिनत मोरा, बीत गयो
बरसों ।।
बहे अँखियन से अँसुअन की
धार हो,
मोहना नाहिं आए।
लागै न जियरा हमार हो.......
जबसे गए श्याम, सुधियो न
लिन्हीं।
चिट्ठी न पत्री, संदेशवो न
दिन्हीं ।।
बिरह के दुखवा अपार हो,
मोहना नाहिं आए।
लागै न जियरा हमार हो.......
काहे को जोड़ी, पिरितिया मैं
तो से।
मोहनी सुरतिया, न बिसरे है
मो से ।।
कैसे धरूँ धीर धार हो,
मोहना नाहिं आए।
लागै न जियरा हमार हो.......
कवने कसुरवा, हरी विसरायो।
पल पल छिन छिन, हमें
तड़पायो ।।
जीवन कि बगिया उजार हो,
मोहना नाहिं आए।
लागै न जियरा हमार हो.......

# आओ मतदान करें

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को देश के 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का ना तो यह सही समय है और ना ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभ-हानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है। पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक ओर हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए, वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तौहीन समझने लगते हैं। आखिर इतने गैर जिम्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ द्वारा दायर पीएल को इसी भावार्थ के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैर जिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं, मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग चार एम पर प्रभावी कार्यवाही करने को प्रतिबद्ध है और उसकी सूक्ष्म निगरानी की जा रही है। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत-हार में उसका असर नहीं पड़ता। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहें कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते-आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रूस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविद् को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है। पहले चरण के मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार के समाचार भी देखने सुनने को मिले। यह भी अपने आप में सही विकल्प नहीं कहा जा सकता। आखिर मतदान का बहिष्कार कर हम अपना ही नुकसान कर रहे हैं। बहिष्कार से कुछ हासिल होना नहीं है। बल्कि आप जिस किसी से भी नाराज है तो उसके खिलाफ मतदान कर अपनी बात को रख सकते हैं। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या नोटा का प्रयोग के स्थान पर मतदान अवश्य करना चाहिए। पहले चरण के कम मतदान को लेकर यह कहा जा रहा है कि गर्मी तेज थी, जागरुकता का अभाव, शादी विवाह होना या मुद्दों का ना होना जैसी बात की जा रही है पर यह सब बहाने हैं। मतदान केन्द्र कुछ ही दूरी पर है तो जागरुकता की जिम्मेदारी हमारी है। चुनाव आयोग लगातार जागरूक करने के साथ ही अब तो राजनीतिक दलों पर निर्भरता भी पूरी तरह से समाप्त कर दी है। शादी विवाह होने के बावजूद हमें समय निकाल कर मतदान तो करना ही चाहिए। एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के बावजूद मतदान प्रतिशत 90 से 100 प्रतिशत के आंकड़े को नहीं छूना चिंता का विषय है। आज हालात बदल चुके हैं। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से रोक नहीं सकता। भारतीय चुनाव आयोग की निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है और लोहा मानते हैं। इस सबके बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना गंभीर है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या मतदान नहीं करना जिम्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता। पांच साल में एक बार आने वाले इस अवसर का उपयोग सकारात्मक सोच व उपलब्ध विकल्पों के आधार पर ही बेहतर तरीके से किया जा सकता है। इसलिए मतदान को अपना कर्तव्य समझ कर घर से बाहर निकलें और मताधिकार का उपयोग अवश्य करें यह सभी मतदाताओं के दिलोदिमाग में होना चाहिए। गैरसरकारी संगठनों व मीडिया को भी इसके लिए आगे आना चाहिए ताकि हम कह सके कि यह सरकार कम मतदान प्रतिशत के आधार पर चुनी हुई नहीं हैं। जिस तरह से रोजमर्रा के काम जरूरी हैं, उसी तरह से हमें मतदान को समझना होगा और बाकी 26 अप्रैल और इसके बाद के चरणों के मतदान पर्व को पर्व की तरह ही मनाना होगा।




**मेष राशि**-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूरा करने की सोच रखें। बच्चे की गलतियों पर आवेश में आने की बजाय उन्हें सहजता समझने की कोशिश करें। अगर किसी विशेष संस्था से जुड़े हैं तो उससे संबंधित गतिविधियों में अपना योगदान अवश्य दें, इससे आपको सुकून मिलेगा और मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज आपका अधिकारियों से व्यवहार अच्छा रहेगा। आज आपके कुछ जरूरी काम पूरे होने की उम्मीद हैं।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है। कई दिनों से मन चल रही किसी बात से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आज व्यक्तिगत व्यस्तता के बाद भी कुछ समय वरिष्ठ और अनुभवी लोगों के साथ बिताएंगे। आज आपको कई जानकारियां मिलेंगी।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक रिश्तों में अपनापन बढ़ेगा। आज किसी समारोह होने के कारण से आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे। धैर्य से काम लेंगे तो काम में आसानी होगी। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्तों में मधुरता बरकरार रहेगी।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। जो लोग आपके विरोधी हैं, वो आज अपने काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रांसफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड-धूप करेंगे। इस राशि के जो छात्र किसी कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। बिजली विभाग के कर्मचारियों को आज अधिकतम लाभ होगा।

**तुला राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी। आज रास्ते पर किसी वृद्ध की मदद करने का मौका मिलेगा, जिससे आपको बेहद ख़ुशी मिलेगी। पहले निवेश किया हुआ पैसा आज आपको मिलेगा, जिससे अपने रुके कार्यों को पूरा करेंगे। आज बच्चे आपसे किसी निर्णय में आपकी राय मागेंगे। आज आर्थिक स्थिति में स्थिरता लाने के लिए प्रयासों में तेजी लानी होगी।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करते हुए नजर आएंगे, इससे आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा।

**धनु राशि**-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। आज आपका मन हल्का रहेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों का काम बढ़िया चलेगा। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज विचारों में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुसरण करेंगे। आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। आज अन्य गतिविधियों की वजह से आपके व्यक्तिगत काम बीच में अटक सकते हैं, लेकिन कुछ समय में सब ठीक हो जाएगा।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज अपने व्यक्तिगत काम की ओर आप उचित ध्यान दे पाएंगे। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। आज आपके मदद की जरूरत के समय कोई ऐसा व्यक्ति आपकी मदद करेगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी।

**मीन राशि**-आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं। काम के दबाव से निकलकर आज जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है।

## शब्द सामर्थ्य -038

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | 10 | 11 | | | | |
| | | | | | | | | |
| 12 | | 12ए | 13 | | 14 | | | 15 |
| | | 16 | | | 17 | | | |
| 18 | 19 | | 20 | 21 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 037 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |

## सू- दोकू क्र.038

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.037 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024



# अमेठी से राहुल और रायबरेली से प्रियंका गांधी लड़ सकती हैं चुनाव

## दो मई तक होगा सबकुछ साफ



**नोएडा , एजेंसी।** यूपी की अमेठी और रायबरेली सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवारों को लेकर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। ऐसी चर्चाएं हैं कि राहुल गांधी अमेठी सीट से और प्रियंका गांधी रायबरेली सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली और अमेठी सीट से राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, 26 अप्रैल के बाद दोनों के चुनाव लड़ने पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। इसके बाद अगले हफ्ते नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए मतदान होना है। इस चरण में केरल के वायनाड में मतदान होगा, इस सीट से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। याद रहे है कि स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराया था। ईरानी को भारतीय जनता पार्टी ने फिर से इस सीट से मैदान में उतारा है। सूत्रों के अनुसार,वायनायड में मतदान के बाद राहुल गांधी 27 अप्रैल को अमेठी जा सकते हैं। राहुल गांधी अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए सीट समझौते के अनुसार, कांग्रेस 17 सीटों पर और समाजवादी पार्टी शेष 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस अपने पारंपरिक गढ़ रायबरेली और अमेठी के अलावा वाराणसी, गाजियाबाद और कानपुर सीट पर भी चुनाव लड़ रही है। इससे पहले बुधवार को अमेठी के गौरीगंज इलाके में कांग्रेस कार्यालय के बाहर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा के पोस्टर लगे थे। इससे वाड्रा को टिकट मिलने की अटकलें तेज हो गई थीं।

हालांकि, कांग्रेस हर सीट पर लड़ाई लड़ना चाहती है और इसीलिए उसने गांधी भाई-बहन को मैदान में उतारने का फैसला किया है। अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। हालांकि, राहुल गांधी के लिए अपने पुराने गढ़ में जीत आसान नहीं होगी क्योंकि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रचार कर रही हैं। 8 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री ने अमेठी के प्रति राहुल गांधी की निष्ठा पर सवाल उठाया था।

उन्होंने कहा कि लोगों को पता है कि गांधी परिवार अमेठी से चुनाव लड़ने आएगा। पीएम नरेंद्र मोदी अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख नागरिकों को राशन भेजते हैं, अगर गांधी परिवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ है, तो ये 19 लाख नागरिक जो मुफ्त राशन पा रहे हैं, गांधी परिवार इन परिवारों से क्या कहेगा?...

### जीजा हो या साला, अमेठी में हर कोई मोदी का मतवाला : स्मृति

उधर, राबर्ट वाड्रा के चुनाव लड़ने की मांग का पोस्टर अमेठी में लगने के बाद बुधवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी खुलकर बोलीं। कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब जीजा मांग रहे हैं अमेठी से। पहले साले साहब को मांग रहे थे। लेकिन.. मैं कहना चाहती हूं कि जीजा हो या साला, अमेठी में हर कोई है मोदी का मतवाला। मैं कुछ दिन पहले वायनाड गई थी और मुझे जानकारी मिली कि राहुल गांधी ने वायनाड को अपना परिवार घोषित कर दिया है। कल एक कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड को इसलिए चुना क्योंकि राहुल गांधी कहते हैं कि वायनाड के लोग ज्यादा वफादार हैं। तो अमेठी की वफादारी का क्या हुआ? रायबरेली 1960 से कांग्रेस का गढ़ रहा है, जहां फिरोज गांधी और इंदिरा गांधी दोनों ने प्रतिनिधित्व किया है। सोनिया गांधी 2006 के उपचुनाव में जीत के बाद से इस निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं। सोनिया के उच्च सदन में जाने के बाद, कांग्रेस द्वारा प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की संभावना है, जो पार्टी में महासचिव हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### तीन सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी, बदली गई भीम राजभर की सीट, अब सलेमपुर से लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ, एजेंसी।** बसपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर का टिकट बदल दिया है। वह आजमगढ़ की जगह अब सलेमपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं, पार्टी ने भदोही से इरफान अहमद (बबलू) और हमीरपुर से निर्दोष कुमार दीक्षित को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है।

दरअसल, पार्टी ने अपनी रणनीति में अहम बदलाव करते हुए विधानसभा उपचुनाव में भी प्रत्याशी उतारा है। पार्टी ने शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर होने वाले उपचुनाव में सर्वेश चंद्र मिश्रा को टिकट दिया है। गौरतलब है कि बसपा उपचुनाव में अपने प्रत्याशी नहीं उतारती रही है। लोकसभा व विधानसभा के तमाम उपचुनाव के दौरान बसपा ने अपने प्रत्याशी बीते कई वर्षों के दौरान नहीं उतारे हैं। पार्टी की रणनीति में हुए इस बदलाव के सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं। जानकारों के मुताबिक बसपा के उपचुनाव में उतरने से ददरौल सीट पर अन्य दलों के प्रत्याशियों के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। बता दें कि ददरौल सीट पर भाजपा ने अपने दिवंगत विधायक मानवेंद्र सिंह के बेटे अरविंद सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंडिया गठबंधन ने अवधेश वर्मा को टिकट दिया है।

### वाराणसी में कुश्ती प्रतियोगिता-क्व। इंडोर स्टेडियम में महिला पहलवानों ने दिखाया दमखम



**वाराणसी, एजेंसी।** फेडरेशन कप सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता बीएचयू परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में खेली जा रही है। इसमें करीब 132 महिला कुश्ती खिलाड़ी दस भारवर्ग में दाव आजमा रही हैं। प्रतियोगिता का आगाज कार्यक्रम संयोजक राजीव सिंह रानू और द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर प्रसाद और महासिंह राव ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। क्वालिफाईंग राउंड का पहला मुकाबला दिल्ली की कुश्ती खिलाड़ी नेहा ने गुजरात तेजल बेन को हराकर जीता। प्रतियोगिता में देश के अलग- अलग राज्यों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

### गोरखपुर एम्स में अवसाद में भी मुस्कुराता सुन्न- शांत हो चुका युवक अब हकीकत में खिलखिलाएगा

**गोरखपुर।** वह अवसाद में था, मगर चेहरे पर मुस्कान थी। शरीर पूरी तरह सुन्न-शांत हो चुका था और बड़े से बड़ा दर्द उसे महसूस ही नहीं होता था। अलग-अलग किरदार में वह खुद को पेश करके अजीब सी हरकतें करने लगा था। परिवार ने मान लिया था कि अब उनका जवान बेटा शरीर में दर्द लिए अवसाद की हालत में ही किसी दिन पूरी तरह शांत हो जाएगा। वह अवसाद में था, मगर चेहरे पर मुस्कान थी। शरीर पूरी तरह सुन्न-शांत हो चुका था और बड़े से बड़ा दर्द उसे महसूस ही नहीं होता था। अलग-अलग किरदार में वह खुद को पेश करके अजीब सी हरकतें करने लगा था। परिवार ने मान लिया था कि अब उनका जवान बेटा शरीर में दर्द लिए अवसाद की हालत में ही किसी दिन पूरी तरह शांत हो जाएगा। एम्स के काबिल डाक्टरों ने इसे चुनौती मानकर इलाज में पूरी ताकत झोंकी और युवक को उबारने में सफल भी हो गए। उनका दावा है कि अब अवसाद में बनावटी नहीं, असली मुस्कुराहट नजर आएगी। वह असलियत में खिलखिलाएगा भी।

# दूसरे चरण में धर्म क्षेत्र-अर्थ क्षेत्र का समर कल, मतदान के दौरान हर समीकरण कसौटी पर

**लखनऊ, एजेंसी।** इस दौर में धर्म, अर्थ और शिक्षा के केंद्रों में मतदाता प्रत्याशियों का इम्तिहान लेंगे।?चुनावी प्रचार का शोर थम चुका है। अब असली इम्तिहान की बारी है। अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के मतदाता शुक्रवार को चुनावी समर के योद्धाओं के भाग्य का फैसला लिखेंगे। चक्रव्यूह के दूसरे द्वार पर सेनाएं अपना रणकौशल दिखा चुकीं। अपने सारे अस्त्र-शस्त्र आजमां चुकीं। इस दौर में धर्म, अर्थ और शिक्षा के केंद्रों में मतदाता प्रत्याशियों का इम्तिहान लेंगे।?चुनावी प्रचार का शोर थम चुका है। अब असली इम्तिहान की बारी है। अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के मतदाता शुक्रवार को चुनावी समर के योद्धाओं के भाग्य का फैसला लिखेंगे। 2019 की बात करें तो इन 8 सीटों में से सात पर भगवा परचम फहराया था। वहीं, अमरोहा में हाथी जीता था, जबकि चार सीटों पर बसपा दूसरे स्थान पर रही थी। यानी बसपा के लिए यहां अच्छा मौका है। बसपा से गठबंधन में सपा को एक सीट गाजियाबाद मिली थी। यहां वह दूसरे स्थान पर रही थी। दूसरे चरण में सबसे बड़ी परीक्षा भगवा ब्रिगेड की होनी है। वहीं, सपा-कांग्रेस गठबंधन के पास खोने के लिए कुछ नहीं, बल्कि पाने के लिए पूरा आसमां है।



**मेरठ – राम का नाम और जातीय गोलबंदी की परीक्षा:** भाजपा ने तीन बार से सांसद रहे राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर रामायण धारावाहिक में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को मैदान में उतारा है। शुरुआत में राम के नाम पर वोट मांगने वाले अरुण गोविल को अंतिम समय जाति की दुहाई देनी पड़ी।

# अखिलेश यादव ने किया कन्नौज सीट से नामांकन, बोले- यहां के विकास के लिए करूंगा काम

**कन्नौज, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव ने चार सेट में अपना नामांकन पत्र दायर किया है। उनके नामांकन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। चौथे चरण के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज दोपहर 12 बजे कन्नौज संसदीय सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने चार सेट में अपना पत्र दायर किया है। इस दौरान उनके साथ प्रो. रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद हैं। उनके नामांकन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बता दें कि कन्नौज लोकसभा चुनाव के लिए सपा उम्मीदवारी को लेकर मचा सस्पेंस एक दिन पहले तक जारी था। बुधवार की शाम यह तय हुआ था कि यहां से सपा के उम्मीदवार अखिलेश यादव ही होंगे। उनके पहले यहां से तेज प्रताप यादव को उम्मीदवकर बनाया गया था।



**कार्यकर्ताओं में थी नाराजगी:** दरअसल, दो दिन पहले अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव को कन्नौज से उम्मीदवार घोषित किया गया था। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी, ये बात पार्टी आलाकमान तक पहुंची। मंगलवार की शाम से ही यह तय माना जा रहा था कि अब अखिलेश यादव ही यहां से चुनाव लड़ेंगे।

**पार्टी कार्यालय में चल रही हैं तैयारियां:** बुधवार की शाम इसका बाकायदा ऐलान हो गया है। जिलाध्यक्ष कलीम खान ने बताया था कि पिछले दो दिनों की रिपोर्ट पार्टी प्रमुख तक पहुंचा दी गई थी। उसी आधार पर अब खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही चुनाव लड़ेंगे। नामांकन से पहले पार्टी कार्यालय में सुबह से ही जोरदार तैयारी चल रही हैं।

# देवर ने तलवार से ताबड़तोड़ वार कर भाभी को उतारा मौत के घाट, घंटे भर लहराता रहा हथियार

**सोनभद्र, एजेंसी।** सोनभद्र जिले में देवर ने अपनी भाभी की हत्या कर दी। तलवार से हमला कर महिला को मौत के घाट उतारने के बाद देवर मौके पर मौजूद लोगों को तलवार लहराते हुए डराता रहा। घटना को लेकर पूरे गांव में हड़कंप मच गया। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिले के बीजपुर थाना क्षेत्र के झीलों के टोला परबतवा में गुरुवार की अल सुबह देवर ने तलवार से वार कर भाभी की हत्या कर दी। वारदात के बाद घंटे भर तलवार लहरा कर ग्रामीणों व पीआरवी 112 को डराता रहा।



सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह बातो में उसे उलझाकर पीछे से उसे दबोच लिया। घटना को लेकर गांव में सनसनी फैल गई।

**यह है पूरा मामला:** जानकारी के अनुसार दस्मतिया (36) पत्नी स्व. धनराज सिंह गोड़ निवासी झीलों ग्राम पंचायत के टोला परबतवा को उसके देवर भवन सिंह ने तलवार से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। भवन सिंह विगत दिनों से बहकी- बहकी बातें कर अपने ऊपर शंकर भोलेनाथ सवार होने की बात करता था। वह जंगल में कुछ पत्थर रखकर उसकी पूजा कर अपने अंदर देवता आने की बात ग्रामीणों को बता रहा था। भवन खुद को शक्तिशाली समझ बैठा था।

मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स पहुंचे और सूझबूझ से हत्यारे को पकड़कर आलाकत्ल में इस्तेमाल तलवार बरामद कर लिया। साथ ही महिला को लेकर स्थानीय धवंतरि चिकित्सालय रिहंद नगर ले गए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली में अचानक लगी आग, सात बीघा फसल और पुआल जलकर राख

**चंदौली, एजेंसी।** चंदौली में खेत में गेहूं की फसल लदी ट्रैक्टर ट्राली में अचानक आग लगने से फसल के साथ पुआल भी जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने मुआयना कर किसान को मदद का भरोसा दिलाया। चंदौली जिले के चकरघट्टा थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया गांव में रामनिवास यादव के खेत में सुबह ट्रैक्टर ट्राली पर रखी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। जब तक लोग आग बुझाने का प्रयास करते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसने सात बीघा गेहूं की फसल को राख कर दिया। इसके साथ ही चार बीघा पराली भी जल गई। आग लगने का सही कारण पता नहीं चल सका है।



यह है मामला

गुरुवार को सुबह दस बजे परसिया गांव के रामनिवास यादव के खेत में ट्रैक्टर ट्राली पर गेहूं की फसल काटने के बाद की रखी गई थी, जिसमें आग लग गई। आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने आग देखकर दमकल गाड़ी को सूचना दी, लेकिन गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। इससे आग बढ़ती चली गई। ग्रामीणों ने बाल्टी के पानी की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। किसान रामनिवास ने बताया कि वह सात बीघा भूमि में गेहूं की फसल बोया हुआ था। फसल काटकर ट्रॉली पर रखा हुआ था। आग लगने से पूरी फसल जलकर राख हो गई। अब खाने के लिए एक दाना तक नहीं बता।

घटना की जानकारी होने पर हल्का लेखपाल सद्दाफ खान मौके पर पहुंचे और पूरी मदद का भरोसा दिलाया। एसडीएम आलोक कुमार ने बताया कि किसान की पूरी मदद की जाएगी। लेखपाल को जल्द रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

# औरंगजेब ने तोड़वाया था मंदिर, पीएम मोदी ने बनवाया कॉरिडोर; वाराणसी में बोले गृह मंत्री

**वाराणसी, एजेंसी।** गृह मंत्री ने बुधवार को महमूरगंज के मोतीझील में पीएम नरेंद्र मोदी और वाराणसी से भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कि पीएम जब भी काशी आए हैं। हर बार सौगातें लेकर आए हैं। काशी दौरे पर आए गृह मंत्री अमित शाह ने मोतीझील मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि औरगंजेब ने बाबा विश्वनाथ का मंदिर तोड़वाया था तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कॉरिडोर बनवाकर बाबा का भव्य दरबार सजा दिया। काशी में रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, रिंग रोड, बिजली की लाइनें अंडरग्राउंड की, बीएचयू में टाटा कैंसर, कई फ्लाईओवर, घाटों का सुंदरीकरण कर नमो घाट का निर्माण, मां गंगा को स्वच्छ कर आचमन के लायक बनाया। काशी के हर एथलीट की ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई। ट्रेड फेसिलिटेशन सेंटर, एयरपोर्ट को आधुनिक बनाया जा रहा, गंगा पुल और रेलवे स्टेशन को और बेहतर बनाया जा रहा है।



गृह मंत्री ने कहा कि वह जब भी काशी आए हैं। हर बार सौगातें लेकर आए हैं। आप देखिए काशी की शक्ल और सूरत दोनों बदल चुकी है। काशी अध्यात्म की नगरी है, उन्होंने इसके अध्यात्म को आगे बढ़ाने का काम किया है। विश्व की सबसे आधुनिक नगरी बनाने का काम किया है। छोटे- बड़े 75 हजार उधोग तैयार हुए और तीन लाख लोगों को रोजगार मिला।

**हर दूसरी लाइन में लिया काशी के सांसद मोदी का नाम:** मोतीझील में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हर दूसरी लाइन में काशी के सांसद नरेंद्र मोदी का नाम लेते रहे। ऐसा लगा कि चुनाव से पहले देश के गृहमंत्री काशी के सांसद का रिपोर्ट कॉर्ड जनता के सामने रखने आए हैं। अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि नरेंद्र मोदी के पहले चुनाव 2014 फिर 2019 में कार्यालय के उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला और अब 2024 में फिर आया हूं। महामना मदन मोहन मालवीय, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, संत रविदास, तुलसीदास, जैन तीर्थंकर, लक्ष्मीबाई जैसे महापुरुषों ने दुनिया को राह दिखाने का काम किया। पद्म विभूषण, पद्म श्री और भारत रत्न से अलंकृत होने वालों की संख्या बहुत है। काशी कला, विद्या और मोक्ष की नगरी है।

### काशी तो अध्यात्म की नगरी है

काशी के सांसद नरेंद्र मोदी ने रिंग रोड और फ्लाईओवर का जाल बिछा दिया है। बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर से देश-दुनिया में काशी का मान-सम्मान बढ़ा। अस्पताल, घाटों का सुंदरीकरण, रुद्राक्ष सेंटर, फोरलेन, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प कराया गया। अमित शाह ने प्रधानमंत्री के आध्यात्मिक जुड़ाव को सामने रखा और कहा कि काशी तो अध्यात्म की नगरी है। आपके सांसद इसके अध्यात्म को आगे बढ़ा रहे हैं। इसे आधुनिक नगरी के रूप में विकसित कर रहे हैं। काशी की धरती से आध्यात्मिक शक्ति लेकर वह देश के विकास कार्य कर रहे हैं। मां गंगा के बुलावे पर वह काशी आए थे और उन्होंने फिर मां गंगा को स्वच्छ कर इसे आचमन के लायक बनाया।

# बाबा काल भैरव के दरबार में गृह मंत्री अमित शाह ने टेका मत्था, दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा काल भैरव के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने गुरुवार की सुबह मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया। काशी दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार की सुबह बाबा काल भैरव मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से बाबा काल भैरव का पूजा-अर्चन किया। इस दौरान मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। बता दें कि गृह मंत्री बुधवार की शाम काशी दौरे पर पहुंचे थे। वे महमूरगंज के मोतीझील में पीएम नरेंद्र मोदी और वाराणसी से भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। फिर मोतीझील मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने काशी के कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव को लेकर जोश भरने का काम किया।



संक्षिप्त समाचार

## पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम? चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले फंसा पेच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में 2025 में होना है, लेकिन भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए वहां जाएगी या नहीं इस पर कोई अधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है. इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीम इंडिया वहां खेलने नहीं जाएगी. भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाती है तो क्या होगा. इस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान दिया है. एक सूत्र ने कहा, अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आधिकारिक तौर पर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करता है तो विकल्पों पर विचार करेगा. दरअसल, हाल में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें ऐसा कहा गया था कि भारत अगले साल पड़ोसी देश में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा. सूत्र ने बताया, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के साथ तटस्थ स्थान पर द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए तैयार है, अगर भारत अगले साल पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए सहमत हो . इस सूत्र ने कहा, रोहित शर्मा के बयान और बीसीसीआई के सूत्र पर आधारित रिपोर्ट पर स्पष्ट विरोधाभास है. इससे साफ पता चलता है कि अगर बात क्रिकेट की हो तो खिलाड़ी इच्छुक हैं और उन्हें घरेलू मैदानों पर एक-दूसरे के साथ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन भारत का राजनीतिक नेतृत्व है, जो ऐसा नहीं करना चाहता है.

## पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें फाइनल में, बोम्मदेवरा ने रिकॉर्ड में किया सुधार

**शंघाई, एजेंसी।** भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की।

# पंत को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए: संजय मांजरेकर



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि ऋषभ पंत वो काम कर सकते हैं जो ज्यादातर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं कर सकते और इसलिए उन्हें टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 44 रन की पारी खेलने के बाद पंत ने बुधवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 204.6 के स्ट्राइक रेट से आठ छक्के और पांच चौके लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी 43 गेंदों में 88 रन की पारी ने डीसी को गुजरात के खिलाफ 4 विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया।

जब पंत ने अक्षर पटेल के साथ हाथ मिलाया तो डीसी 3 विकेट पर 44 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेंदों में 113 रन जोड़े। संजय मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, ÷हम जिस कारण से इस पर बहस कर रहे हैं उसका एकमात्र कारण हमारे पास मौजूद विकल्प है। एक विकल्प के रूप में संजू सैमसन और केएल राहुल हैं, दोनों बहुत ही रोमांचक हैं लेकिन बात ऋषभ पंत की है और यही कारण है कि मैं 15 में, प्लेइंग 11 में भी हर समय उनका समर्थन करूंगा, बड़े मंच पर आएं, सेमी- टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल, यह वह व्यक्ति है जो 60 गेंदों में शतक लगाएगा और मैच जीतेगा।

उन्होंने कहा, अब यह कुछ ऐसा नहीं है जिसे भारतीय टीम में बहुत से लोग करेंगे। हमने देखा है कि भारतीय टीम फाइनल राउंड में पहुंची और बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, ऋषभ पंत स्वभाव से एक अलग तरह के स्थान पर हैं जहां आप जानते हैं कि इस तरह का मंच, उन्हें और अधिक फलने-फूलने की अनुमति देता है। वह उस तरह की स्थिति में आराम करते हैं।

यह पंत का 2024 आईपीएल सीज़न का सर्वोच्च स्कोर था क्योंकि उन्होंने पहले ही नौ मैचों में 48.86 की औसत के साथ तीन अर्धशतक सहित 342 रन बनाए हैं। उनकी 88 रनों की तूफानी नाबाद पारी ने टी20 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान की लड़ाई में स्टार बल्लेबाज का पक्ष लिया है। भारत के एक अन्य पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने पंत के प्लेइंग इलेवन में शामिल होने को लेकर आश्वस्त थे और कहा, ÷वह मेरे प्लेइंग 11 में हैं। आज से पहले, मुझे लगता है कि हमने खेल से पहले भी यह बातचीत की थी और मैंने बिना किसी संदेह के कहा था कि ऋषभ पंत मेरी प्लेइंग 11 में आता है। दीप दासगुप्ता ने कहा,डेढ़ साल पहले जो कुछ हुआ उसके बाद आईपीएल शुरू होने से पहले एकमात्र संदेह उनकी फिटनेस का स्तर था। वह किस प्रकार की शारीरिक स्थिति में है और यदि वह फिट है जैसा कि वह है, तो वह फिट से भी बेहतर है। दरअसल, आप जानते हैं कि मैं उनसे क्या बातें कर रहा था. पिछले चार या पांच महीनों में उसका वजन छह किलो कम हो गया है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है। तो हाँ, आइए बात करते हैं ऋषभ पंत के बारे में। मेरा मतलब है कि वह अधिक फिट है, वह तेज है, वह बेहतर बल्लेबाजी कर रहा है। बिना किसी संदेह के, जहां तक मेरा सवाल है, मुझे लगता है कि यह कोई बहस ही नहीं है। 15, हाँ, वह वहाँ है। 1 मई को आईसीसी की सबमिशन की समय सीमा भाग लेने वाली टीमों को 25 मई तक अपने प्रारंभिक चयन में बदलाव करने की अनुमति देती है।

# रसिख सलाम पर बीसीसीआई का एक्शन आईपीएल की आचार संहिता का किया उल्लंघन

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दार पर बुधवार 24 अप्रैल, बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान अत्यधिक जश्न मनाने के लिए जुर्माना लगाया गया है। डीसी ने आखिरी ओवर के रोमांचक मुकाबले में 4 रन से जीत दर्ज की और अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखा। डीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 224 रन बनाए थे, इस स्कोर के सामने जीटी निर्धारित 20 ओवर में 220 ही रन बना सकती थी।

रसिख ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। इसमें ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करना शामिल है जो अपमान करते हैं या जो किसी अन्य खिलाड़ी की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकते हैं।



आईपीएल की प्रेस रिलीज के अनुसार दार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। रसिख सलाम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार गेंदबाज की थी, 4 ओवर के कोटे में उन्होंने 44 रन खर्च कर साई सुदर्शन, शाहरुख खान और साई किशोर के रूप में तीन बड़ी विकेट चटकाई थी। बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने कप्तान ऋषभ पंत की 88 रनों की नाबाद पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 224 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवर में 220 के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब रही। जीटी की ओर से साई सुदर्शन ने 65 तो डेविड मिलर ने 55 रनों की पारी जरूर खेली, मगर वह अपनी टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करा पाए। दिल्ली के लिए रसिख दार सलाम ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए।

## भारत की महिला फुटबॉल टीम की कोच बनने को तैयार चाओबा देवी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है। आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबाल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकॉक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।



एआईएफएफ ने कहा, 'काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है।' देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है।

समिति ने प्रिया पीवी और रोनीबाला चानू के नाम की सिफारिश क्रमशः सहायक और गोलकीपिंग कोच के पद के लिए की है। समिति ने पुरुष अंडर-16 और अंडर-19 टीम के कोच की नियुक्ति पर भी चर्चा के बाद कुछ नामों की सिफारिश की।

व्यापार

## एक्सिस बैंक के एमडी अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्सिस बैंक के निदेशक मंडल ने प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक ने गुरुवार को बताया यह उनका तीन साल का दूसरा विस्तार होगा। चौधरी 2019 में एमडी एवं सीईओ के रूप में बैंक में शामिल हुए थे। एक्सिस बैंक के निदेशक मंडल ने एक जनवरी 2025 से तीन साल के लिए प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक ने गुरुवार को बताया यह उनका तीन साल का दूसरा विस्तार होगा। चौधरी 2019 में एमडी एवं सीईओ के रूप में बैंक में शामिल हुए थे। उनकी सेवाओं को विस्तार दिया गया जो एक जनवरी 2022 से लागू हुआ था। चौधरी इससे पहले एचडीएफसी लाइफ के एमडी व सीईओ थे। एक्सिस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पुनर्नियुक्ति के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक और शेयरधारकों की मंजूरी अभी आवश्यक है।

## गो डैडी ने केवल 1 रुपये में .कॉम डोमेन रजिस्ट्रेशन का स्पेशल ऑफर किया लॉन्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत, 24 अप्रैल, 2024- गोडैडी ने डॉट.कॉम रजिस्ट्रेशन के लिए एक धमाकेदार ऑफर की घोषणा की है। इसमें छोटे व्यवसायियों और उद्यमियों को एक साल के लिए केवल 1 रुपये में डॉट कॉम डोमेन रजिस्ट्रेशन पाने का मौका मिल रहा है और यह ऑफर बाजार में लाइव है और यह 3 साल की खरीद पर ही लागू होगा। दरअसल, गोडैडी कंपनी सालों से उद्यमियों को नवाचारी डिजिटल समाधान देकर सशक्त करके और उन्हें आगे बढ़ने में मदद कर रही है। गोडैडी के 2024 के ऑब्जर्वेटरी डेटा के अनुसार, सर्वे में छोटे व्यवसायों में से 97 प्रतिशत यह मानते हैं कि डिजिटलीकरण ने उनकी कार्य प्रक्रिया को काफी सुधारा है, जबकि 90 प्रतिशत का मानना है कि डिजिटलीकरण व्यवसाय के संचालन को सुचारू करने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। इस बीच, डोमेन डिजिटलीकरण क्षेत्र में, अपरिहार्य संपत्ति के रूप में भी उभरे हैं, जिससे व्यावसायिक विश्वसनीयता बढ़ रही है। गोडैडी का ये स्पेशल ऑफर रणनीतिक रूप से ग्राहकों को लंबी अवधि की डोमेन खरीदारी के लिए प्रोत्साहित करने, अद्वितीय मूल्य और मन की शांति प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। तीन वर्षीय .कॉम ऑफर न केवल डोमेन स्वामित्व को अधिक सुलभ बनाता है।

## भारत जैसे-जैसे विकसित होगा खाने-पीने से जुड़ी चीजों की महंगाई कम होती जाएगी : एमपीसी सदस्य


नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीतियों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।



भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में ''कम गंभीर'' होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं। ये बातें भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कही। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीतियों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। गोयल ने कहा, ''जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या (खाद्य पदार्थों की उच्च कीमतों) की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी। विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी।'' गोयल ने कहा कि किसी ने भी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में टमाटर या प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में नहीं सुना है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास स्वाभाविक रूप से विविध भौगोलिक क्षेत्र हैं, विभिन्न क्षेत्रों से बेहतर एकीकृत बाजार जलवायु परिवर्तन से प्रेरित खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को कम करने में मदद कर सकते हैं।'' आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 प्रतिशत थी।

# पित्रोदा के विरासत टैक्स वाले बयान पर अश्नीर ग्रोवर का तंज, बोले- चुनाव के समय अर्थहीन हो जाते हैं करदाता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने कहा कि आपको पहले भारत में टैक्स की राजनीति को समझने की जरूरत है। 140 करोड़ भारतीयों में से आठ करोड़ ही इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं। वहीं, दो करोड़ भारतीय केवल टैक्स देते हैं।



भारत में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गर्माया हुआ है। जहां कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा द्वारा अमेरिका के विरासत टैक्स पर दिए बयान पर विवाद थमा नहीं था। वहीं अब शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसने आग में घी डालने जैसा काम किया है। दरअसल, ग्रोवर का कहना है कि राजनीतिक रैलियों में नेता टैक्स को लेकर कोई भी वादा करके बाद में बच निकल सकते हैं क्योंकि देश में चुनावों के मामले में करदाता अर्थहीन अल्पसंख्यक हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आपको पहले भारत में टैक्स की राजनीति को समझने की जरूरत है। 140 करोड़ भारतीयों में से आठ करोड़ ही इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं। वहीं, दो करोड़ भारतीय केवल टैक्स देते हैं। मजेदार बात यह है कि इन दो करोड़ लोगों में से भी केवल 45 लाख लोग कुल आयकर का 80 फीसदी भरते हैं। कुल 97 करोड़ वोटर हैं। अगर हिसाब लगाएं तो मात्र 0.5 फीसदी मतदाता इनकम टैक्स का भुगतान करते हैं। अश्नीर ग्रोवर ने कहा, इसलिए ही आप किसी राजनीतिक रैली में टैक्स पर कुछ भी कहकर बच निकल सकते हैं। क्योंकि टैक्स देने वाले बिना अहमियत वाले अल्पसंख्यक हैं।

हालांकि, शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने किसी राजनेता का नाम नहीं लिया है। लेकिन इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा द्वारा विरासत टैक्स पर की गई टिप्पणी के बीच उनका ऐसा बयान आना सियासी गलियारे में हलचल मचा सकता है।

दरअसल, सैम पित्रोदा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें वह अमेरिका के विरासत टैक्स का जिक्र कर रहे थे। उनका कहना था, अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।

# एलपीयू के छात्र को आईटी की दिग्गज कंपनी में 3 करोड़ रुपये का ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी अपनी प्लेसमेंट उपलब्धियों के साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। यहां के कई छात्रों को 10 लाख और उससे अधिक का पैकेज मिलने वाला है।

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी अपनी प्लेसमेंट उपलब्धियों के साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। इसके 2023 बैच ने अपने क्लास में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की, जिसमें कई छात्रों ने बेहतरीन वेतन पैकेज हासिल किए, विशेष रूप से 2018 क्लास के एलपीयू छात्र यासिर एम ने आईटी कंपनी में 3 करोड़ रुपये का पैकेज हासिल करके इतिहास रचा है। एक अन्य छात्र पवन कुंचला को भी आईटी कंपनी टीसी सेंट्रल से 1 करोड़ रुपये का पैकेज मिला है। इसके अलावा, 2022-2023 बैच के 1100 से अधिक छात्रों को 10 लाख और उससे अधिक का पैकेज मिला है। एलपीयू के छात्रों का शानदार प्रदर्शन यह दिखाता है कि उन्होंने अपनी मेहनत से सीमित सीमाओं को पार किया है। बीटेक कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग के छात्र यशस्वी यदुवंशी को हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा 52.08 लाख रुपये के शानदार पैकेज के साथ चुना गया है। इसके अलावा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने 54.9 लाख रुपये की उच्चतम सीटीसी हासिल की। जबकि आर्किटेक्चर और एमबीए के छात्रों को क्रमशः 31.69 और 29.3 लाख रुपये तक का पैकेज मिला है।




2023-24 के इस बार के एलपीयू बैच ने प्लेसमेंट सीजन में जबरदस्त सफलता दर्ज की है, जिसमें टॉप 10त्र छात्रों को 12.3 लाख रुपये का शानदार औसत पैकेज मिला है। ये संख्या कई टॉप आईआईटी के औसत से अधिक है और इससे टैलेंट डेवलपमेंट में अग्रणी संस्थान के रूप में एलपीयू की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। इस तरह एलपीयू का शैक्षणिक माहौल और छात्रों के विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता छात्र को जॉब प्राप्त करने में मदद करती है। 2023-24 के इस बार के एलपीयू बैच ने प्लेसमेंट सीजन में जबरदस्त सफलता दर्ज की है, जिसमें टॉप 10 प्रतिशत छात्रों को 12.3 लाख रुपये का शानदार औसत पैकेज मिला है। ये संख्या कई टॉप आईआईटी के औसत से अधिक है और इससे टैलेंट डेवलपमेंट में अग्रणी संस्थान के रूप में एलपीयू की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। इस तरह एलपीयू का शैक्षणिक माहौल और छात्रों के विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता छात्र को जॉब प्राप्त करने में मदद करती है। एलपीयू के चांसलर और संसद सदस्य (राज्यसभा) डॉ. अशोक मित्तल ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी है।

घर और ऑफिस के कामों की दोहरी जिम्मेदारी का प्रेशर कहीं न कहीं पड़ता अपना रंग दिखाता ही है। वैसे, हाल ही में हुई एक रिसर्च के नतीजे बताते हैं कि वर्कप्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस लेने वाली फीमेल्स में हार्ट संबंधी बीमारियां होने के चांस ज्यादा होते हैं। महिलाओं से जुड़े मुद्दों की जानकार डॉ. रंजना कुमारी का मानना है, आजकल महिलाएं पुरुषों के मुकाबले अपनी काबलियत साबित करने की कोशिश में लगी रहती हैं।



वर्किंग वुमेन को कई फ्रंट्स के चैलेंज फेस करने पड़ते हैं। निजी जिंदगी की जिम्मेदारियां और कुछ कर दिखाने की चाहत से स्ट्रेस में आ जाना बड़ी बात नहीं है। हाल ही में हुई एक रिसर्च बताती है कि वर्कप्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस लेने वाली फीमेल्स में हार्ट संबंधी डिजीज होने का रिस्क बढ़ जाता है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि वर्किंग वुमेन को स्ट्रेस झेलना पड़ता है। घर और ऑफिस के कामों की

# दिल की करें फिक्र

दोहरी जिम्मेदारी का प्रेशर कहीं न कहीं पड़ता अपना रंग दिखाता ही है। वैसे, हाल ही में हुई एक रिसर्च के नतीजे बताते हैं कि वर्कप्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस लेने वाली फीमेल्स में हार्ट संबंधी बीमारियां होने के चांस ज्यादा होते हैं। महिलाओं से जुड़े मुद्दों की जानकार डॉ. रंजना कुमारी का मानना है, आजकल महिलाएं पुरुषों के मुकाबले अपनी काबलियत साबित करने की कोशिश में लगी रहती हैं। इसके चलते उनका तनाव में आना और अपनी हेल्थ पर पूरा ध्यान न दे पाना स्वाभाविक है।

## क्या कहती है रिसर्च

हाल ही में अमेरिका की हार्ट असोसिएशन ने खासतौर से फीमेल्स पर यह रिसर्च की। लगभग 17,000 मिड ऐज फीमेल्स पर की गई इस रिसर्च में पता चला है कि जो फीमेल्स अपने वर्क प्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस फेस कर रही हैं, उनमें से से 40 पर्सेंट महिलाओं में हार्ट संबंधी बीमारियां और 88 पर्सेंट में हार्ट अटैक के चांस बढ़ गए। इस स्टडी से जुड़ी सीनियर रिसर्चर डॉ. मिशेल ए. एल्बर्ट के मुताबिक, च्अभी तक स्ट्रेस और हार्ट डिजीज के संबंध में मेल्स को लेकर ही ज्यादा बातें हुईं। ऐसे में फीमेल्स के बारे में कोई ठोस नतीजे नहीं थे, लेकिन इस रिसर्च के बाद काफी नई बातें सामने आईं। इसमें पता चला कि जिन फीमेल्स को अपनी जॉब जाने का डर सताता है, उनमें हार्ट संबंधी प्रॉब्लम्स का रिस्क कम रहता है। वहीं, जो फीमेल्स जॉब को लेकर ज्यादा सिक्योर फील करती हैं, वह ओवरवेट या हाई ब्लड प्रेशर की शिकार हो सकती हैं।

## बदलता लाइफस्टाइल

वैसे, लेडीज की इस हालत के पीछे लाइफस्टाइल और ईटिंग हैबिट्स जैसी कई वजहें हैं। बकौल कार्डियॉलजिस्ट डॉ. के. के. अग्रवाल, च्आजकल पुराने तौर-तरीकों को उतनी तव्वजो नहीं दी जाती, बल्कि लाइफस्टाइल बहुत चेंज हो गया है। हर चीज रेडीमेड और क्विक है। जहां कई बार बासी तैयार सामान से जल्दी खाना बना लिया जाता है, वहीं स्मोकिंग-ड्रिंकिंग जैसी आदतें भी चलन में हैं। इतना ही नहीं, कई बार डाइटिंग के चक्कर में कुछ गलत रूल्स को फॉलो कर लिया जाता है ाज एक हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए अच्छा खाना-पीना व एक्सरसाइज के साथ स्ट्रेस को कंट्रोल करना भी आना चाहिए।

## ऐसे मैनेज करें स्ट्रेस

देखा जाए , तो घर और ऑफिस के कामों का बंटवारा करके इस स्ट्रेस को कम किया जा सकता है। काउंसिलर अशोक सिंह का मानना है , च अगर घरेलू काम का बंटवारा परिवार के हर सदस्य के बीच में करके चलें , तो काफी हद तक इस फ्रंट का स्ट्रेस मैनेज हो जाता है। ऑफिस के हर काम में खुद को ज्यादा इंवॉल्व करना या अपनी क्षमता से ज्यादा काम लेना ठीक नहीं है। अपने लिए ऐसे टारगेट भी फिक्स ना करें , जिन्हें तय समय में पूरा न कर पाएं। इससे बेवजह प्रेशर पड़ने के अलावा परफॉर्मेंस पर भी बुरा असर पड़ेगा। च कलीग्स के साथ बेहतर तालमेल बैठाकर आप स्ट्रेस से बच सकती हैं। आपकी इस पॉजिटिव अप्रोच को काफी सराहा भी जाएगा।

## एक नजर इधर भी ...

कहीं आपको ऐसा , तो नहीं लग रहा कि वर्किंग वुमन होना एक प्रॉब्लम है। ऐसा नहीं है। वर्किंग होने के नाते आप खुद का लिविंग स्टैंडर्ड ऊंचा उठाने के साथ ही बच्चों को भी बेहतर लाइफ दे सकती हैं। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में हुई एक हालिया स्टडी भी कुछ ऐसा ही बताती है :

- बच्चों को अच्छी हेल्थ मिलने के साथ ही उनकी प्रगति के रास्ते खुलते हैं।
- बच्चों को स्कूल में बिहेवियर संबंधी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता।
- उनके ऐकडेमिक रिपोर्ट में भी बेहतर प्रदर्शन की संभावना दर्ज की जाती रही है।
- कई बार ऐसी मांएं अपने बच्चों के लिए रोल मॉडल  के तौर पर सामने आती हैं।



# वास्तुशास्त्र को अपनाकर जीवन में भरें रंग

कई बार घर की समस्याओं को दूर करने के लिए भी वास्तु का प्रयोग किया जाता है वास्तुविज्ञान के नैशनल चैयरमेन तजेंद्र पाल त्यागी ने बताया कि जिस प्रकार अनुलोम-विलोम करने से जिस प्रकार शरीर को आंतरिक सफाई होती है उसी प्रकार 6 माह में एक बार घर को नमक डालकर धोने के बाद ठंडे पानी से धोना चाहिए। जिससे गर्म और ताप गर्म परिवर्तन की वजह से फ्लोर पर जमी हुए नेगेटिव एनर्जी खत्म हो जाती है। यह प्रॉसेस ऑफ स्ट्रेस रिमूवल कहलाता है।

वास्तुशास्त्र का इस्तेमाल आज हर क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है। लोग अपने घरों में सुख, शांति, अच्छी नौकरी, करियर बिजनेस, धन, संपत्ति और स्वस्थ रहने के लिए वास्तु का प्रयोग कर रहे हैं। कई बार घर की समस्याओं को दूर करने के लिए भी वास्तु का प्रयोग किया जाता है वास्तुविज्ञान के नैशनल चैयरमेन तजेंद्र पाल त्यागी ने बताया कि जिस प्रकार अनुलोम-विलोम करने से जिस प्रकार शरीर को आंतरिक सफाई होती है उसी प्रकार 6 माह में एक बार घर को नमक डालकर धोने के बाद ठंडे पानी से धोना चाहिए। जिससे गर्म और ताप गर्म परिवर्तन की वजह से फ्लोर पर जमी हुए नेगेटिव एनर्जी खत्म हो जाती है। यह प्रॉसेस ऑफ स्ट्रेस रिमूवल कहलाता है। यह बिल्कुल उसी तरह है जिस प्रकार व्यक्ति स्ट्रीम बाथ के बाद नॉर्मल बाथ लेकर स्वयं को तरोताजा महसूस करता हैं।

रंग किसी भी इंसान के जीवन में बेहद महत्वपूर्ण होते है जो कि इंसान के जीवन को प्यार से भर देते है। इसी तरह वास्तु में लव कलर्स का चयन करके जीवनर में खुशियां भर देते हैं। उत्तर दिशा में हरे रंग, पश्चिम दिशा में नीले रंग, साउथ में लाल और ईस्ट में पीले रंग का प्रयोग किया जाना अति उत्तम होता है। इन दिशाओं के अंदर यह कलर शामिल किए जाने से वाइबेशन मिलती है। इनसे निकलने वाली फ्रिक्वेंसी व्यक्ति की बॉडी से मैच किए जाने से पॉजीटिव एनर्जी मिलती हैं। इसके अलावा वास्तु के अनुसार लाल रंग से खोया हुआ प्यार वापस मिलता है। ऑरेंज कलर शुद्धता का प्रतीक, नीला कलर प्यार बढ़ाने का कार्य, पिंक कलर हमेशा दिमांग को ठंडा रखता हैं। चटख रंगों से रिश्तों में रोमानियत ला सकते हैं।

## वास्तु के अनुसार रुम

कपल्स और शादीशुदा जोड़े के बीच आपसी प्यार बढ़ाने के लिए साउथ-ईस्ट में होना चाहिए जबकि हेड ऑफ फैमिली का साउथ वेस्ट में होना चाहिए। छोटे बच्चें का बैडरुम ईस्ट और पैसा कमाने वाले का नॉर्थ में होना चाहिए। एनसीआर रिजन में किचन की दिशा साउथ-ईस्ट में होनी चाहिए। ऐसा किए जाने से पश्चिमी हवा किचन में खाना बनने से इस्तेमाल होनी वाली एनर्जी की दुर्गंध को ईस्ट की खिड़की से बाहर निकाल देती हैं। बताया गया है कि इन डायरेक्शन से इंफ्रारेड रेज आती है। जिससे व्यक्ति की ग्रोथ भी होती है और एनर्जेटिक भी होता हैं। अपने कमरे की दीवारों पर हल्का हरा, हल्का गुलाबी या नीले रंग का पेंट करवाएं। हल्कें रंगों से आपको सुकून का एहसास होगा। कपल्स और शादीशुदा जोड़े कमरे में समुद्र , झरनों या इठलाती नदियों की पेटिंग्स लगा सकते हैं। ऐसी पेटिंग्स कपल्स के बीच रूमानियत पैदा करती हैं। बेडरुम में हमेशा हल्के कलर की बेडशीट और जिसमें फूलों के डिजाइन बने हुए हो। पिंक और रेड कलर की बेडशीट उन लोगों के लिए खासतौर से अच्छी रहती हैं, जो शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। घर में शांति और प्यार बढ़ाने के लिए बेडरूम हमेशा स्कवेयर और त्रिकोणीय होना चाहिए। साथ ही बेडरूम में रखी हुई चीजें हमेशा साफ-सुथरी होनी चाहिए। उन पर कभी भी धूल नहीं होनी चाहिए।

## बेकार सामान को बाहर का रास्ता दिखाएं

वास्तु के अनुसार घर का इंटीरियर जितना खूबसूरत और करीने से लगाया जाएगा, रिश्तों में उतनी ही ताजगी रहेगी। मजबूत और अच्छे रिलेशनशिप के लिए घर पर कभी भी बेकार की चीजों का ढेर नहीं लगाना चाहिए। घर में किताबे, कपड़े और एंटिक चीजों को छोड़कर एक वर्ष से इस्तेमाल नहीं हुई खूबसूरत, जिंदा चीजों को बाहर कर दें या किसी को दान कर दें। ऐसा करने से सोशल एंगल से फायदेमंद होगा बल्कि डिग्री ऑफ फ्रीडम और मूवमेंट को बढ़ावा मिलेगा। डस्ट भी इकट्ठा नहीं होने से आपके दिमाग का भारीपन भी कम होगा।

सोते समय मुंह दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए क्योंकि मनुष्य के अंदर हीमोग्लोबीन में आयरन होता है। आयरन स्वयं ही चुंबकीय गुण रखता है। यह चुंबकीय गुण पृथ्वी के मैग्नेटिक फील्ड के साथ मैच करने से ब्लड प्रेशर और ब्लड सर्कुलेशन की बीमारियों से छुटकारा मिलता हैं। स्टडी करने वाले बच्चे का स्टडी रुम पश्चिम दिशा में होना चाहिए। ऐसा करने से सूर्य की लाल किरणें मिलने के कारण बच्चें की पढ़ाई की टेंडेंसी बढ़ती है और चीजों को जल्दी से कवर करता हैं।

## पूजा के मंदिर और तुलसी पर भी ध्यान दें

पूजा के मंदिर को उत्तर या पूर्व या उत्तर पूर्व के बीच की दिशा में रखें। ड्राइंग और किचन रुम में भी इसे रखा जा सकता है। पवित्र माने जाने के कारण इसे बैडरु म में रखें जाने से परहेज करें। तुलसी में एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। इसलिए इससे जहरीली कीड़े-मकोड़ो साप और बिच्छू से तो बचाव होता है और शीतलता प्रदान करती हैं। इसलिए इसे उत्तर-पूर्व के बीच की दिशा ईशान कोण के आसपास रखना चाहिए। सूर्य की इंफ्रारेड रेज मिलने से तुलसी की ग्रोथ और बढ़ती हैं।



कोशिश करे कि फर्नीचर डिवाइन ज्यूमैट्रिकल रेशों में बने होने के कारण शुभ माना जाता हैं। भारी फर्नीचर ड्राइग टेबिल, अल्मीरा आदि को साउथ और वेस्ट के बीच की दीवार, हल्के फर्नीचर मूढ़ा, चेयर और सिंगल सोफा को उत्तर और पूर्व की दीवार से सटाकर रखें। अगर तीन सीट का सोफा है तो साउथ-वेस्ट ओर सिंगल को नॉर्थ और ईस्ट की दीवार पर रखें। क्योंकि इस प्रकार के फनीर्चर रखें जाने से अल्ट्रावॉयलेट रेजों से बचाव होता है। यह रेंज मनुष्य के सेहत से काफी खतरनाक मानी जाती हैं।

# कैसे पुरुषों को पसंद करती हैं महिलाएं ?

लड़के अगर कुछ फैक्टर्स के बल पर लड़कियों को पसंद करते हैं, तो इस मामले में लड़कियां भी कोई कम नहीं हैं। लड़कों को पसंद करने के उनके अपने कायदे हैं और वे खुद से बेटर पोज़िशन वाले को जल्दी पसंद कर लेती हैं। इसके लिए वे कुछ ऐसी बातों तक को इग्नोर कर देती हैं, जिनसे समझौता आमतौर पर मुश्किल होता है।

मशहूर दार्शनिक फ्रायड ने कहा था कि उन्हें इस बात का जवाब कभी नहीं मिला कि एक औरत अपनी जिंदगी से क्या चाहती हैं। कुछ ऐसी ही उधेड़बुन से आपको आज की ज्यादातर महिलाएं भी जूझती दिख जाएंगी। बेशक इस कन्फ्यूज़न के केंद्र में शादी और उससे जुड़े सवाल ही अहम रहते हैं। ऐसे में यह सोचना कि महिलाएं फ़ाइनैंशल तौर पर पुरुषों पर निर्भर नहीं होना चाहतीं, पूरी तरह से सच नहीं है। आज की महिलाएं भी बेहतर करियर से ज्यादा खुशहाल परिवार का सपना देखती हैं। हालांकि, इस बात को खुले तौर पर मानने में उन्हें थोड़ी हिचक होती है। जी हां, तमाम स्टडी से यह बात साबित हुई है। अक्सर देखा भी गया है कि लड़कियां बॉयफ्रेंड को शादी के लिए मना कर देती हैं। उनका कहना होता है कि वे अपने करियर में आगे बढ़ना चाहती हैं और अभी सेटल होने के बारे में नहीं सोच रही हैं। लेकिन, हायर डिग्री वाले या फिर हाई इनकम वाले वेल-सेटल्ड लड़के के साथ उनका रवैया ऐसा नहीं रहता। ऐसे पुरुष के साथ शादी के प्रपोजल को वे झट मान जाती हैं।

## पुरानी सोच का डर

इसी तरह की एक रिसर्च से जुड़ीं लंदन स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स की रिसर्चर कैथरिन हाकिम बताती हैं, दुनिया भर में विमिन इम्पॉवरमेंट की बातें लगभग 40 साल से चल रही हैं। ऐसे में बस हाउसवाइफ बनने की बात को महिलाएं स्वीकार नहीं पातीं। अगर यह बात उनके मन में होगी, तो भी वे दकियानूसी कहलाए जाने के डर से यह बात नहीं कहेंगी। हालांकि, हमारे आसपास ऐसी तमाम महिलाएं हैं, जो फाइनैंशल मैटर्स के लिए अपने पार्टनर पर डिपेंड रहना चाहती हैं।

गौर करने वाली बात यह है कि उम्र ज्यादा होने पर भी महिलाएं ऐसे साथी के सपने संजोए रहती हैं , जो हर लिहाज से उनसे आगे हो। रिसर्च के दौरान देखा गया कि कई यूरोपियन देशों की उम्रदराज महिलाएं भी शादी के लिए तभी तैयार हुईं , जब उन्हें अपने से ज्यादा धनवान और पढ़े - लिखे पुरुष मिले। ब्रिटेन में लगभग 50 साल पहले हुई एक रिसर्च में 20 फीसदी महिलाएं अपने से ज्यादा पढ़े-लिखे पुरुष से शादी करना चाहती थीं , वहीं पिछले दशक में ये आंकड़े 38 फीसदी तक पहुंच चुके हैं। यही पैटर्न पूरे यूरोप , यूएस और ऑस्ट्रेलिया में भी नोट किया गया। जाहिर है , तेजी से वेस्टर्न कल्चर में ढल रहीं इंडियन मेट्रोज की महिलाएं भी इस राह पर हैं।

## नजरिया अलग - अलग

हालांकि इस रिसर्च को लेकर महिलाओं की राय अलग - अलग है। जहां, कुछ इससे सहमत नजर आती हैं , वहीं कुछ को इसमें दम नजर नहीं आता। एक एचआर फर्म में बतौर हेड काम कर चुकीं श्रुति सिंह इस बात से पूरी तरह सहमत नहीं दिखतीं। श्रुति का कहना है ,  मैंने लव मैरिज की और हाल में अपनी जॉब से रिजाइन दिया है। दरअसल , मेरे हज़्बंड को पांच साल के लिए लंदन की एक आईटी कंपनी में जॉब मिली है और मैं उनके साथ जाना चाहती हूं। मेरा फैसला इमोशंस और जिम्मेदारी से लिया गया है। इसमें उनके पैकेज की बात कहीं नहीं है। फिर वहां जाने पर भी मैं पढ़ाई या जॉब कर सकती हूं।

वैसे , बैंक प्रफेशनल निहारिका जोशी ऐसे मैच को बेस्ट ऑप्शन मानती हैं। उनका कहना है , % जिंदगी में घर और ऑफिस की दुधारी तलवार पर लटकने से क्या मिलेगा ? आपको घर की जिम्मेदारी तो निभानी ही होगी , तो अच्छा है कि ज्यादा पैकेज वाले पुरुष से शादी की जाए। इस तरह न तो बॉस की धौंस सहनी पड़ेगी और एक स्टैंडर्ड के घर का आराम भी मिलेगा।

इस बात का एक और पहलू मीडिया प्रफेशनल गौरी कपूर सामने रखती हैं। वह कहती हैं ,  हर सफल पुरुष ऐसी बीवी चाहता है , जो अपने लेवल पर सफल हो। इसलिए महिलाओं से जुड़ी इस रिसर्च में मुझे खास दम नहीं लग रहा है।

## जानते हैं पुरुष भी

गुड़गांव की एक फूड बेवरेज फर्म में काम करने वाले गौरव कपूर की बात से यंग जेनरेशन की अप्रोच एकदम क्लीयर हो जाती है। वह मानते हैं कि सही पोस्ट और पैसे से लड़की ही नहीं , बल्कि उसकी फैमिली को इंप्रेस करना भी आसान रहता है और रिश्तों में अनबन की गुंजाइश भी कम होती है। बकौल गौरव , % मैंने अपनी गर्लफ्रेंड से साफ कह दिया है कि जब तक मैं सीनियर मैनेजर की पोस्ट पर नहीं आ जाता , सेटल होने का सवाल ही नहीं उठता है। इससे उसे भी कोई ऐतराज नहीं है , क्योंकि उसकी फैमिली को भी तो ऊंची पोस्ट का दामाद पसंद आएगा !

कुछ पुरुष इस मामले को थोड़ा और दूर ले जाते हैं। उनका कहना है कि हाई सोसाइटी की तमाम महिलाएं अपने पार्टनर के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर तक को इसी वजह से इग्नोर कर देती हैं। सुंदर और सुरक्षित भविष्य की चाहत में सब कुछ जानते हुए भी वे ज्यादा हायतौबा नहीं मचातीं। इस तरह सोसाइटी में उनकी बेइज्जती भी नहीं होती और ऐशोआराम की जिंदगी भी बनी रहती है।





# बेटी की लव लाइफ पर चंकी पांडे ने की बात

बॉलीवुड एक्टर चंकी पांडे ने अपनी बेटी अनन्या पांडे की पर्सनल लाइफ पर बात की है। एक इंटरव्यू में चंकी ने कहा है कि वो अपनी 25 साल की बेटी को कंट्रोल नहीं करते और उन्हें अपने फैसले लेने देते हैं। चंकी ने अपने दम पर बॉलीवुड में जगह बनाने के लिए अनन्या की तारीफ की है। एक इंटरव्यू में चंकी से अनन्या के आदित्य रॉय कपूर के साथ रिलेशनशिप को लेकर सवाल किए गए थे। उन्होंने इस बारे में कहा, मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। अनन्या 25 साल की हैं और मुझसे ज्यादा पैसे कमा रही हैं। वे जो चाहें कर सकती हैं। मैं कैसे अपनी 25 साल की बेटी को कुछ कहने की हिम्मत कर सकता हूं।

## बेटी के इंटिमेट सींस से नहीं परेशानी

चंकी को फिल्मों में अनन्या के इंटिमेट सींस करने से भी कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा, मैं इसमें ओके हूं। मैंने हॉलीवुड फिल्मों में भी ऐसे सींस देखे हैं। इसमें कोई नुकसान नहीं है और हमें ये एक्सेप्ट करना पड़ेगा। चंकी से जब पूछा गया कि क्या उनकी बेटियां उनसे सलाह मांगती हैं तो उन्होंने कहा, मेरी दोनों बेटियां अपनी मां भावना के करीब हैं। जब उन्हें किसी चीज की जरूरत होती है तो वो मुझे कॉल कर लेती हैं। उन्हें जब भी मेरी सलाह की जरूरत पड़े, मैं मौजूद रहता हूं। चंकी ने बेटी अनन्या की तारीफ करते हुए कहा, सबसे बड़ा प्राउड मोमेंट वो था जब उसे अपनी पहली फिल्म मिली। मुझे लगता है कि मेकर्स को लगा था कि वो बहुत छोटी है लेकिन जब उसने ऑडिशन दिया तो उसे फिल्म मिल गई। फैमिली प्रेशर की वजह से मैंने उसका एडमिशन न्यूयॉर्क और लॉस एंजिलिस के कॉलेज में कराया था।

## डेटिंग को लेकर सुर्खियों में हैं अनन्या

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या ने 2016 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड डेब्यू किया था, पिछले साल उन्हें 'ड्रीमगर्ल-2' और खो गए हम कहां जैसी फिल्मों में देखा गया था। इन दिनों वे 'कंट्रोल' और 'शंकरा' जैसी फिल्मों की शूटिंग कर रही हैं। लव लाइफ की बात करें तो इन दिनों अनन्या आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही हैं। दोनों ने भले ही अभी तक अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल नहीं किया है पर ये कई मौकों पर साथ नजर आते हैं। यहां तक कि अनन्या ने पिछले साल अपना बर्थडे भी आदित्य रॉय कपूर के साथ मालदीव में मनाया था।



# सामंथा ने फहाद फाजिल की आवेशम पर दी प्रतिक्रिया

**फहाद फाजिल इस वक्त अपनी हालिया रिलीज फिल्म आवेशम की वजह से चर्चा में हैं। ये फिल्म उन मलयालम फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है, जिन्होंने अपने अनोखेपन के कारण पूरे देश भर में चर्चाएं बटोरी हैं। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में फहाद के अभिनय की काफी सराहना की जा रही है।**

फिल्म को पसंद करने वालों की लंबी लिस्ट में मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु भी जुड़ गई हैं। उन्होंने फिल्म देखने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। 23 अप्रैल को सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, फिल्म आवेशम में हर तरह का पागलपन था, इसमें जिस तरह का पागलपन है वो मुझे काफी पसंद है। यह फिल्म रिकॉर्ड तोड़ने के लिए बनी है। हर दूसरे सीन के साथ फिल्म का जॉनर बदलता रहता है। मैं डरी हुई थी, मैं हंस रही थी।

## लोगों को फिल्म देखने की दी सलाह

सामंथा ने आगे कहा, कुछ फिल्में सिनेमाघरों के अनुभवों के लिए ही बनी होती हैं। यह भी एक ऐसी फिल्म है। सामंथा ने लिखा, फहाद फाजिल की फिल्म किसी को भी मिस नहीं करनी चाहिए । इस अविश्वसनीय टीम को बधाई। आप लोग सच में एक अदभुत प्रेरणा हो।


## तीन दोस्त और एक माफिया की कहानी है आवेशम

आवेशम तीन नौजवानों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने बेंगलुरू आते हैं। वहां इन तीनों की कुछ सीनियर्स के साथ झड़प हो जाती है। इसका बदला लेने के लिए तीनों एक स्थानीय माफिया की मदद लेते हैं। इसके बाद पूरी कहानी रंगा के साथ इनकी बातचीत के आसपास घूमती रहती है। इस फिल्म का निर्देशन जीतू माधवन ने किया है, जो रोमांचम का निर्देशन भी कर चुके हैं। फिल्म 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# शैतानी रस्में में मेरा किरदार वंडर वुमन के साथ काली मां की उग्रता का मिश्रण

शैतानी रस्में में निक्की की भूमिका निभाने वाली नकियाह हाजी अपने नए किरदार माया के लिए नया लुक जारी करेंगी। इस लुक को एक्ट्रेस ने गैल गैडोट की वंडर वुमन के साथ काली मां की उग्रता का मिश्रण करार दिया। एक्ट्रेस ने कहा, शो में मेरे नए किरदार माया के लिए खास लुक है। उनका लुक मॉडर्न और ट्रेडिशनल का मिक्सअप है, जिसमें गैल गैडोट की वंडर वुमन के स्वभाव के साथ काली मां की उग्रता का संयोजन है। नकियाह ने कहा, यह ताकत, रोष और भावना से भरा हुआ है। इस ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरने में मुझे लगभग तीन घंटे लगे, जिसमें बॉडी पेंट लगाना और भारी सामान शामिल था। यह कोई आसान प्रक्रिया नहीं थी, लेकिन मेरे पास एक अद्भुत टीम थी, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए बेहद प्रयास किए कि सब कुछ सही दिखे। अपकमिंग एपिसोड की ओर इशारा करते हुए, नकियाह ने खुलासा किया कि उनके किरदार निक्की में एक बड़ा बदलाव आया है और वह एक नए रूप में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, वह अब एक ऐसी भूमिका निभा रही है जहां वह अपने परिवार की रक्षा करने के लिए कुछ भी कर सकती है, ठीक उसी तरह जैसे एक शेरनी अपने शावक की रक्षा करती है।



# किंग में सुहाना खान के साथ नजर आएंगे शाहरुख, ग्रे शेड लिए होगा किरदार

सुहाना खान ने हाल ही में द आर्चीज' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। दर्शकों ने फिल्म को पूरी तरह से नकार दिया। इस असफलता की उम्मीद किसी को नहीं थी। विशेष रूप से सुहाना खान के पिता शाहरुख खान को। प्राप्त समाचारों के अनुसार अब शाहरुख खान ने स्वयं अपनी बेटी का करियर संवारने की जिम्मेदारी ले ली है। वो सुहाना खान के साथ किंग नामक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म को निर्देशक सुजॉय घोष निर्देशित करेंगे। सुजॉय घोष सिद्धार्थ आनंद की प्रोडक्शन कंपनी मार्फिलक्स पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों के लिए किंग मूवी लेकर आ रहे हैं। खबर के मुताबिक, पहले इस फिल्म में शाहरुख खान कैमियो करने वाले थे, लेकिन अब खबर है कि शाहरुख इस फिल्म में बेटी सुहाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, पिछले कई महीनों में शाहरुख खान की इस फिल्म को कई बार लिखा गया, कई बार पॉलिश किया और अब इस फिल्म की स्क्रिप्ट को बदल कर इस तरह लिखा गया है कि शाहरुख अपनी बेटी सुहाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। बता दें, फिल्म से जुड़े सूत्रों के हवाले से ये जानकारी भी सामने आई है कि इस फिल्म में शाहरुख खान सुहाना के पिता का रोल नहीं निभाएंगे। इस फिल्म में शाहरुख सुहाना के मेंटर के रूप में नजर आएंगे। मई के महीने में इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। वहीं, शूटिंग अगस्त या सितंबर में शुरू हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म किंग में शाहरुख को डॉन के किरदार में देखा जायेगा। उका ये किरदार अनोखा और नया होगा जिसका फैंस इंतजार कर रहे थे। खास बात ये है कि शाहरुख लंबे समय बाद एक बार फिर ग्रे शेड्स में नज़र आने वाले हैं। फिल्म किंग में शाहरुख़ खान एक गुरु के रूप में दिखेंगे और सुहाना उनकी शिष्या। दोनों के बीच कुछ एक्शन के इंटेंस सीन भी दिखाए जायेंगे। इस फिल्म के लिए शाहरुख़ खान ने अपना लुक भी पूरी तरह से बदल लिया है। एक्टर किंग में लंबे बालों वाले हेयरस्टाइल और छोटी दाढ़ी के साथ दिखेंगे। उनका ये ग्रे शेड्स वाला रोल इस लुक पर शानदार लगने वाला है। इसके साथ ही फिल्म में उनका स्वैग सारी कमियों को पूरा करने के लिए काफी होगा।

# कपिल शर्मा के शो में हुआ खुलासा, आखिर अवॉर्ड शो में क्यों नहीं जाते आमिर

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आएंगे। शो के मेकर्स ने बुधवार को नया प्रोमो जारी किया, जिसमें एक्टर को शो के कलाकारों के साथ मस्ती करते हुए देखा जा सकता है। आमिर को पिछली बार लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था।



द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आमिर ने कई किस्से भी सुनाए। यह पहली बार है जब आमिर इस शो में नजर आ रहे हैं। वह सीमित जगहों पर ही जाने के लिए जाने जाते हैं। एपिसोड के दौरान, आमिर ने यह खुलासा भी किया कि वह अवॉर्ड शो में क्यों नहीं जाते। उन्होंने कहा कि समय बहुत कीमती है और इसका सही तरीके से इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने पीके फिल्म के आइकोनिक रेडियो सीन के बारे में बात की, जहां वह रेलवे ट्रैक पर बिना कपड़ों के दौड़ते हैं। आमिर ने बताया कि वह शो में शॉर्ट्स पहनकर आना चाहते थे लेकिन उनकी टीम ने उन्हें जींस पहनने के लिए कहा। द ग्रेट इंडियन कपिल शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम है।

# तापसी और रकुल की शादी मेरे लिए काफी भावुक पल था

एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने खुलासा किया है कि उनकी खास दोस्त तापसी पन्नू और रकुल प्रीत सिंह की शादियों के दौरान उनकी भूमिका सबसे अच्छी थी। तापसी ने 23 मार्च को उदयपुर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ शादी की, जबकि रकुल ने 21 फरवरी को गोवा में एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए। लक्ष्मी ने बताया कि उन्होंने अपनी दोस्त तापसी और रकुल की शादी में दुल्हन की सहेली की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, मेरे पास दुल्हन की सहेली की बड़ी जिम्मेदारी थी। रकुल को सेट पर रहना ज्यादा पसंद था। रकुल चाहती थी कि हर कोई समय पर आए, समय पर वहां पहुंचे और समय से तैयार रहे। मुझे लगता है कि वह इसको लेकर काफी गंभीर थी। इसके बाद 46 वर्षीय एक्ट्रेस ने तापसी की शादी के बारे में बात करते हुए इसे कूल बताया। तापसी बिल्कुल ऐसी है, शांत। जब तुम्हें वहां आना हो तो आ जाओ। इसलिए उन दोनों के साथ यह बिल्कुल अलग था। एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी शादियों को देखना उनके लिए इमोशनल मोमेंट था। लक्ष्मी ने कहा, उन दोनों की शादी मेरे लिए बहुत इमोशनल मोमेंट था, क्योंकि हमारी दोस्ती 10 सालों से भी ज्यादा समय की है। उन्हें न केवल अपने करियर के साथ, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ के साथ भी पूरी तरह से जुड़ते हुए देखना, मेरा लिए बेहद खास था। मैं बस इतना ही कह सकती हूं।





# डिप्रेशन में खुदकुशी के ख्याल आए, मगर हार नहीं मानी

**अध्ययन सुमन ने अपने करियर में राज 2, जश्न, हार्टलेस जैसी कई फिल्मों में काम किया मगर पहली फिल्म की कामयाबी के बाद उनका करियर ही नहीं उनकी निजी जिंदगी भी कई उतार-चढ़ावों से गुजरी। आश्रम जैसी वेब सीरीज से उनकी शानदार वापसी हुई और इन दिनों वे चर्चा में हैं संजय लीला भंसाली की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी से। इस मुलाकत में वे अपने करियर के मुश्किल दौर, माता-पिता, शादी, दिल टूटने, हीरामंडी, संजय लीला भंसाली, रिचा चड्ढा जैसे कई मुद्दों पर बातें करते हैं।**

**आपके लिए वो दौर कितना मुश्किल था, जब आप कंगना रनौत के प्रकरण से गुजरे, आप पर ड्रग्ज के आरोप लगे, आपको अनुशासनहीन करार दे दिया गया?**

कठिन था वो दौर। मेरे बारे में ये बातें 15 साल पहले कही गई थीं और उसके बाद मैंने अपनी जिंदगी में बहुत कुछ देखा। बस एक बात मेरे मन में पैठ गई कि अगर मुझे अपने बारे में लोगों की धारणा बदलनी है, तो मुझे मेहनत करनी होगी और सक्सेज पाना होगा और आज जब हीरामंडी चर्चा में है, तो लोग मेरे काम के कारण उन पुरानी बातों को भूल चुके हैं। हालांकि बहुत मुश्किल था, जब पहचान होते हुए भी मेरी कोई पहचान नहीं थी। राज 2 के साथ मेरी धमाकेदार शुरुआत हुई, फिर मैंने जश्न की, इनके गाने सुपर हिट हो गए, मगर फिर मुझे काम मिलना बंद हो गया। दस साल तक मैं घर पर बैठा रहा, मुझे लगा, मैं दुनिया में हूं ही क्यों? मुझे खुदकुशी खयाल आने लगे। मैं डिप्रेशन में चला गया। मगर मैं हर दिन आईने में देखकर खुद से यही कहता कि तुझे हार नहीं माननी है। हार न मानने की जिद न मेरे मां-बाप कर पाए, न दोस्त। ये मैंने खुद के लिए किया। मैं रोज जिम जाता था। मैंने डायरेक्शन को आजमाया, गाने बनाने शुरू किए। मेरा गाना प्रकाश झा साहब ने देखा। फिर मुझे आश्रम मिली, दो छोटी फिल्मों में मौका मिला और आज मैं हीरामंडी का हिस्सा हूं। मैं मिस इंडिया दिविता राय के साथ लव स्टोरीज ऑफ नाइंटीज जैसी फिल्म कर रहा हूं। विजय राज के साथ मैंने एक थ्रिलर फिल्म पूरी कई है वहम। एक और फिल्म है इन ट्रैप और इसके अलावा मैं एक बड़ा शो प्रड्यूस भी कर रहा हूं। मैं आज जो कुछ हूं, मेरे अतीत के अनुभवों से हूं।

**क्या ये सच है कि हीरामंडी की भूमिका के लिए पहले आप रिजेक्ट हो गए थे?**

हां, ये सच है। देखिए, मेरे अभिनय की 15 साल की एक जर्नी रही है और हर एक एक्टर का सपना होता है कि संजय लीला भंसाली के साथ उसे काम करने का मौका मिले। हालांकि मैंने सोचा नहीं था कि ऐसा कुछ होगा। आश्रम में मेरे किरदार की सफलता के बाद भी मैंने देखा कि इंडस्ट्री मुझे वैसे एक्सेप्ट नहीं कर रही है, जिसे मैं चाहता हूं। कहीं न कहीं अपने काम को लेकर मैं फिर से निराश होना शुरू हो गया था, मगर फिर मुझे ऑडिशन का मौका मिला और मैंने जिन हालात में ऑडिशन किया, उसमें मुझे ये रोल नहीं मिला। दो महीने बाद मुझे दोबारा फोन आया और मैं अचंभित हो गया, जब ये रोल मुझे मिला।

**रोल के लिए कोई खास तैयारी की?**

मैं इसमें बिगड़ैल नवाब जोरावर अली खान की भूमिका में हूं। ये बहुत ही एरोगेंट और अय्याश टाइप का नवाब है। ये बेहद ग्रे किरदार है, जो अपने अलावा और किसी से प्यार ही नहीं करता। दूसरे किरदारों के साथ उसके डायनेमिक्स काफी अच्छे हैं। लज्जो बनी रिचा चड्ढा को जोरावर से मोहब्बत होती है। यह एक बेहद दमदार किरदार है। इस रोल को करते हुए नुक्ते लगाना, उर्दू बोलना बहुत जरूरी था। आप बॉडी बनाओ या खुद को ट्रांसफॉर्म करो या फिर कितनी भी तैयारी क्यों न करो, आप जैसे ही सेट पर जाओगे सर (संजय लीला भंसाली) सब कुछ बदल देंगे। सेट पर वे एक सीन को चार अलग-अलग तरह से शूट करते हैं। सर आपको एक से दस के बीच ले जाते हैं, मगर दस से बारह तक आपको जाना होता है। वे दस के बाद आपको खुला मैदान दे देते हैं कि एक अभिनेता उसे अपने अंदाज में जी सके।

**ऋचा चड्ढा का साथ कैसा रहा?**

वे बेहद कमाल की अदाकारा हैं। बेहद सिक्योर और जमीन से जुड़ी अभिनेत्री हैं। पहले दिन की शूटिंग के बाद रात को दो बजे मुझे उनका वॉइस नोट आया। उन्होंने बहुत सारी बातें कीं और बोलीं कि तुम बेहद प्रतिभाशाली अभिनेता हो, जबकि दुनिया ने तुम्हारे बारे में कुछ अलग ही बातें फैला रखी हैं और मुझे खुद पर गुस्सा आ रहा है कि कुछ हद तक मैंने भी उन बातों। पर विश्वास किया था, मगर तुमने उन सारी बातों को गलत साबित किया। बस इसी तरह मेहनत करते रहो। तुम एक प्योर आर्टिस्ट हो। उनका ये वॉइस नोट मेरे लिए बहुत बड़ी बात रही।

**आप अपना सोशल मीडिया कैसे हैंडल करते हैं?**

अब एक टीम रखी है, जो मेरा सोशल मीडिया हैंडल करती है। मगर मैं समझता हूं कि सोशल मीडिया सही रीजन के लिए होना चाहिए। सोशल मीडिया ये तय नहीं करता कि आप अच्छे एक्टर हैं। ये कनेक्टिविटी के लिए होता है। ट्रोल्स की मैं ज्यादा चिंता नहीं करता। मुझे लगता है, जो लोग बेरोजगार हैं, वही यहां इस तरह की बातें करते हैं। मैंने सुना है कि एलन मस्क नए ट्वीट करने वालों से ट्वीट करने के पैसे लेने वाले हैं। मैं सोचता हूं कि तब इन बेरोजगारों का क्या होगा?